

चंडीगढ़ को नया मेयर मिल गया है। 16 पार्षदों वाली भाजपा की हरप्रीत कौर बबला 19 वोट लेकर जीत गई हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 30 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति और उसकी अलग रह रही पत्नी के बीच के विवाद में यह टिप्पणी की। दरअसल व्यक्ति के वकील ने अदालत में कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी है और इस वजह से उसके मुवक्किल को हमेशा परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 'देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है'।

**पीठ ने कहा- आपस में बैठकर विवाद सुलझा लें**

पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को आपस में बातचीत कर विवाद को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि 'वह एक आईपीएस अधिकारी है और आप एक व्यवसायी हैं। ऐसे में अदालत में अपना समय बर्बाद करने से अच्छा है कि आप दोनों बैठकर इस विवाद को खत्म कर लें।

# बजट सत्र से पूर्व हुई सर्वदलीय बैठक

● सरकार ने की सहयोग की अपील, बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया

**आम सहमति**

▶▶ साल का पहला सत्र होने के कारण राष्ट्रपति दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी: रिजिजू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। संसद के बजट** सत्र से एक दिन पहले गुरुवार को सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सरकार ने सभी दलों से सहयोग की अपील की। बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 52 नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि साल का पहला सत्र होने के कारण राष्ट्रपति दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वे पेश किया जाएगा। 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की जाएगी। चर्चा के समय को लेकर कल राज्यसभा और लोकसभा अध्यक्ष कार्यमंत्रणा समिति की बैठक करेंगे और इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को दिल्ली में मतदान के कारण अवकाश रहेगा और संसद की कार्यवाही भी नहीं चलेगी। बजट सत्र का पहला भाग 13 फरवरी तक चलेगा। इसके थोड़े समय के अंतराल के बाद 10 मार्च को बजट सत्र का दूसरा भाग आरंभ होगा। सरकार के पास इस सत्र के लिए 16 विधेयक और 19 संसदीय कार्य हैं। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष की ओर से हमने चिंता जताई कि संसद को एकतरफा तरीके से चलाया जा रहा है। जेपीसी में भी विपक्ष की ओर वक्फ विधेयक में उठाए गए संशोधन को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया जबकि दूसरी ओर सत्ता पक्ष की ओर से किए गए बदलावों को स्वीकार कर लिया गया। हमने इस मुद्दे पर भी अपने विचार रखे। महाकुंभ के दौरान हुए हादसे पर भी बैठक में हमारी ओर से दुख जताया गया।

## वित्त मंत्री लगातार 8वें बजट के साथ रचेंगी इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार 8वां बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। सीतारमण के बजट से कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा उच्च कीमतों और स्थिर वेतन वृद्धि से जूझ रहे मध्यम वर्ग पर बोझ कम करने के उपाय शामिल होने की उम्मीद है। साथ ही राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण भी होगा।

## सुस्ती में अर्थव्यवस्था, कुछ नहीं कर रही सरकारः चिदंबरम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की ओर से तैयार 'अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की गई है। पार्टी के पूर्व सांसद राजीव गौड़ा और उनकी टीम के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय में जारी की गई। इस मौके पर पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने दावा किया है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

## सैनी की केजरीवाल को चुनौती, राजघाट के पास पानी पीकर दिखाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। यमुना** जल को लेकर छिड़े घमासान के बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजघाट के पास जाकर यमुना का पानी पीने की चुनौती दी है। नायब सैनी ने बुधवार की शाम दिल्ली के गांव दाहिसरा में जाकर यमुना का पानी पीते हुए आचमन किया था। इसके बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कोई जवाब नहीं आया। नायब सैनी ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि वह उन्हें यमुना का पानी पीने को लेकर चुनौती देते हैं। केजरीवाल हरियाणा से दिल्ली के प्रवेश द्वार को छोड़ें, वह दिल्ली में राजघाट के पास जाएं। वहां से यमुना बह रही है। राजघाट दिल्ली के मध्य का हिस्सा है और वहां जाकर यमुना का पानी पीकर, उस पानी में नहाकर दिखाएं। सैनी ने कहा कि हरियाणा से होते हुए यमुना का पानी जहां से दिल्ली में प्रवेश करता है वह उस स्थान पर जाकर पानी पी चुके हैं। नायब सैनी के इस बयान पर पलटवार करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना नदी में जब अमोनिया का स्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा था तो आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को कई बार फोन किया। नायब सैनी ने कहा कि कुछ करता हूं, लेकिन कुछ नहीं किया और फिर आतिशी का फोन उठाना बंद कर दिया। जब अमोनिया 7 तक पहुंचा तो आतिशी को जहरीले पानी की बात को लेकर सबके सामने आना पड़ा। अगर इस पानी का क्लोरिनेशन हो जाता तो ये जहरीला हो जाता। जबसे हमने ये मुद्दा उठाया है तबसे अमोनिया कम हो गया है।

**वार-पलटवार**

▶▶ केजरीवाल बोले, हरियाणा के सीएम ने दिल्ली की सीएम की शिकायत पर नहीं की कार्रवाई

# यमुना मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को घेरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग से दूसरा नोटिस मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीधा-सीधा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राजीव कुमार को राजनीति में आना चाहिए और चुनाव लड़ना चाहिए। वे रिटायरमेंट के बाद नौकरी पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पत्रकार वार्ता के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आयोग का जितना कबाड़ा किया है उतना किसी ने नहीं किया। अगर उन्हें राजनीति करनी है तो वह चुनाव लड़ें। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि वे 18 फरवरी को रिटायर होने के बाद नौकरी पाने के लिए इस तरह का काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी नेता अमोनिया की 7पीपीएम मात्रा वाले पानी की बोतल लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के पास जाएंगे। अगर उन्हें पानी जहरीला नहीं लगता तो उन्हें इसे पीकर दिखाना चाहिए।

**खुली चुनौती**

▶▶ राजीव कुमार को राजनीति में आना चाहिए और चुनाव लड़ना चाहिए: केजरीवाल

पर्यटन विभाग
भारत सरकार
सत्यमेव जयते
अतुल्यनीय भारत

भारत
पर्व
2025

26-31 जनवरी
लाल किला, दिल्ली

भारत पर्व
में भारत की सुंदरता-
विविधता को खोजें।

समय
28 से -31 जनवरी, 2025
दोपहर 12 बजे से - रात 09 बजे तक

निशुल्क एंट्री।
कृप्या कर अपना पहचान
पत्र साथ लाएं।




CBC 42101/13/0012/2425
केवल प्रतिनिधित्व के लिए छवि

गणतंत्र दिवस की झांकियां, ● राज्य पर्यटन थीम पवेलियन ● सांस्कृतिक कार्यक्रम ● शिल्प बाजार ● स्टूडियो किचन
● भारत के व्यंजन ● आर्मी के जवानों द्वारा बैंड प्रदर्शन ● डीआईवाई (अपने से करें) गतिविधियां ● सेल्फी प्वाईंटस




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बॉबी, पुत्र राम चरण निवासी झुग्गी नंबर 15/619, नंद लाल झुग्गी, मुखर्जी नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 582/20 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **बॉबी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **बॉबी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है))।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 582/20 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बॉबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं.117, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./1116/उत्तर पश्चिम/2025

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ COA ऑफ एफट्रॉनिक्स मेक एट NDLS, DLI, HNZM, TKJ, PWL, GZB, MTC, TPZ, ROK, JHL, PNP, KKDE, ANVT, CYZ, KZW, FN एंड टेस्ट रूम फॉर थ्री इयर्स। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 33,04,875.48/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 66,100/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 30.01.2025 / निविदा खुलने का दिनांक **21.02.2025** 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-सिगनल–16–एम–टेंडर– ए एम सी–091–2024–25 दिनाँक : 30.01.2025 — 335/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राजेंद्र,** पुत्रः संभुनाथ **पताः** 107 स्ट्रीट नंबर 11 अंबेडकर चौपाल धीरपुर, **दिल्ली CC No. 3282/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र, CC No. 3282/2017, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
एल.डी. एसीएमएम, (उत्तरी)
कमरा नंबर 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1144/NW/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024–2025 दिनांक 19.11.2024
ii) निविदा संख्या 15245006 04.03.2025 को देय।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 29.01.2025 से बढ़ाकर **04.03.2025** कर दी गई है। 2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नया दस्तावेज संलग्न किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धि पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। 337/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन @ झागला,** पुत्रः **कृष्ण कुमार, पताः मकान नंबर–118, कंझावला रोड, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 271/16, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन @ झागला** मिल नही रहा है और मुझे समधनप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **सचिन @ झागला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रह है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 271/16, U/s 392/411/34 IPC पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **सचिन @ झागला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
एलडी, एमएम–05 (उत्तर)
कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1205/ON/2025

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण**
(ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-INSTRU-52-1137-MB DATE 29.01.2025 | अधि. अभि.पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 52 UP (11x61 मीटर) मुरादाबाद–गाज़ियाबाद खंड पुल नंबर 1137 UP और DN (10x61 मी) बरेली–मुरादाबाद खंड पर एक–एक स्पैन का इंस्टुमेंटेशन और स्थिति की निगरानी का कार्य। | ₹ 1,67,95,939.29 | ₹ 2,34,000/- | 18 (अठारह) महीने | दिनांक 24.02.2025 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात |

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 328/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उद्योगों में नवाचारों को प्रदर्शित करेगा एक्सपो



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की ओर से 19 से 21 मार्च तक भारत मंडपम नई दिल्ली में बिल्ड भारत एक्सपो-2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की औद्योगिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें औद्योगिक नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मेटेरियल, इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रानिक्स, एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के उद्यमी स्टॉल पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे, जिसमें 80 देश के प्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न प्रदेशों के उद्यमियों को बुलावा भेजा गया है।

आइआइए के मंडलीय चेयरमैन राकेश अनेजा ने बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि आइआइए की ओर से लखनऊ में उत्पादों को प्रदर्शित किया जाता रहा। लेकिन इस बार व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देने और दुनिया के सामने भारत की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए यह आयोजन दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक्सपो का उद्देश्य भारतीय उद्योगों की ताकत, क्षमता और नवाचारों को प्रदर्शित करना है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ सम्मिलित है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठनों के व्यक्ति शामिल होंगे। इस एक्सपो का उद्घाटन समारोह 19 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आमंत्रित हैं। एक्सपो में जापान, रूस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया आदि सहित 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलों के आने की उम्मीद है।

# मेरठ रोड पर टेंपो चालक ने सवारी से की लूटपाट

**गाजियाबाद :** नोएडा से मोदीनगर जा रहे युवक से टेंपो चालक और उसके साथी ने लूटपाट की और फरार हो गए। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि वह ड्यूटी से सुबह चार बजे घर के लिए निकले। मेरठ मोड़ पर वह टेंपो में बैठ गए। आरोप है कि चालक ने फोन कर अपने एक अन्य साथी को बुला लिया। टेंपो में सीएनजी भरवाने की बात कहकर वह मनोज कुमार को वर्धमानपुरम में सुनसान स्थान पर ले गए। जहां टेंपो चालक के साथी ने चाकू दिखाकर उनसे पर्स, मोबाइल और नकदी लूट ली।

# प्रदेशभर के छात्रों में गौतमबुद्ध नगर के होनहार सबसे आगे

**ग्रेटर नोएडा :** सीखने की क्षमता प्रदेश में सबसे अधिक गौतमबुद्ध नगर के होनहार छात्रों की है। प्रदेश में कक्षा तीन से पांच तक के 65.3 प्रतिशत छात्र सेकेंड लेवल टेस्ट को पढ़ने में सबसे आगे हैं। वहीं, कक्षा छह से आठवीं तक के 82.0 प्रतिशत छात्र की सीखने में प्रदेश में अव्वल हैं। यह तथ्य एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) में सामने आए हैं। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होने से अभिभावकों ने छात्रों को दाखिला दिलाने में रुचि दिखाई है। साल 2022 में जनपद के चारों ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में 6 से 14 साल के 23.3 प्रतिशत छात्र नामांकित थे। जबकि 2024 में 33.1 प्रतिशत छात्र सरकारी स्कूलों में नामांकित हुए हैं। एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) में यह तथ्य सामने आए हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहनवाज़ उर्फ निहाली,** पुत्रः कमाल अहमद, **पताः** ई–49/जी–87 खजूर वाली मस्जिद जनता कॉलोनी वेलकम उत्तर पूर्वी दिल्ली, ने **FIR No. 632/2022 U/s 356/379/ 411 IPC थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़ उर्फ निहाली,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़ उर्फ निहाली,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 632/2022 U/s 356/379/411 IPC थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहनवाज़ उर्फ निहाली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सैना
एलडी जेएमएफसी 05 कमरा नंबर 07
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1127/NE/2025
(Court Matter)

**Format C-7**
**(for political parties to publish in newspapers, social media platforms & website of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commision's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

| | |
|---|---|
| Name of Political Party | INDIAN NATIONAL CONGRESS |
| Name of the Election | LEGISLATIVE ASSEMBLY |
| Name of State/UT | NCT DELHI |
| Name of the Constituency | 18-MODEL TOWN |
| Name of the candidate | KANWAR KARAN SINGH |

| Sl.No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | FIR No. 34/2014, P.S. AC Branch, Delhi, U/S 468, 471, 471A, 283, 431, 1208, 34 of IPC |
| | b. | Case no | CRL.M.C. 2410/2014 |
| | c. | Name of the Court | Hon'ble High Court of Delhi |
| | d. | Whether Charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | No |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | No |
| | g. | Any other information required to be given | Quashing petition u/s 482 Cr.PC filed before Hon'ble High Court being CRL.M.C. 2410/2014. Same is pending being regular matter. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability at the polls (not more than 100 words) | | Candidate has represented the constituency as MLA various times. He comes from a family dedicated to public service and has been deeply committed to the ideals of the party. He has good track record of public service and has remained an accessible leader. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words). | | Candidate is well aware of the constituency and its issues. He has also served on various organizational positions within the party and was found to be a better choice amongst others. |

Signature of office bearer of the Political Party
RAJESH GARG
AUTHORISED SIGNATORY
(CHAIRMAN, BOOTH MANAGEMENT COMMITTEE)
DELHI PRADESH CONGRESS COMMITTEE

## उत्तर रेलवे

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-62-T-2024-25-E3 (i) मेरठ कैंट (एमयूटी), (ii) परतापुर (पीआरटीपी) (iii) दौराला (डीआरएलए) (iv) मुजफ्फर नगर (एमओजेड) (v) केएमटी और एमएक्सएक्स साइडिंग एमटीसी में गुड्स शेड के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹125.23 लाख | बयाना राशि | ₹2,12,600/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 25.02.2025 को 12:00 बजे | | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 25.02.2025 को 12:00 बजे | | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 333/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरभ** पुत्र **राजू** निवासी **बी–33, हरीजन बस्ती, सीतापुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 374/2017 U/s 392/411/IPC, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **सौरभ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सौरभ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 374/2017 U/s 392/411/IPC, थाना सागरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरभ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 05.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 18, प्रथम तल, मैन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/1226/SW/2025(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विक्की कश्यप** पुत्रः **बुद्ध शरन,** पताः मकान नं. के–415, गली नं. 7, गौतम विहार, उस्मानपुर, भजनपुरा, दिल्ली ने **CC No. 11410/2017, U/s 138 NI Act,** थानाः राजेन्दर नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की कश्यप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 11410/2017, U/s 138 NI Act,** थानाः राजेन्दर नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विक्की कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देशना गोलेछा, एलडी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07,
कोर्ट नं. 507, एक्सटेंशन ब्लॉक,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1186/CD/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया


मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगरः अपने सातवें आसमान पर मुकेश गोयल का चुनाव प्रचार

## ● मुकेश गोयल ने की गोपाल नगर सहित क्षेत्र में दर्जन भर जनसभाएं, मिला जनता का भरपूर प्यार





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव अब अपने उफान पर हैं। वोटिंग में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसको देखते हुए पार्टियां और प्रत्याशी जनता तक अपनी बात पहुंचाने में दिन-रात एक किए हुए हैं। कोई बैठक आयोजन कर रहा है तो कोई जनसंपर्क के माध्यम से जनता तक अपनी और पार्टी की नीतियों को रख रहा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने चुनाव प्रचार में न दिन देख रहे न रात। सुबह-शाम जनता के बीच देखे जाते हैं और शाम में चुनाव को लेकर कार्यकताओं संग आगे की रणनीति पर मंथन करते हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने आदर्श नगर विधानसभा के गोपाल नगर में आयोजित बैठक में शामिल हुए और पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में क्षेत्र की जनता से विस्तारपूर्वक बात की। इस मौके पर मुकेश गोयल को सुनने वालों की भारी भीड़ मौजूद रही।

**मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनंदन**: आदर्श नगर विधानसभा के गोपाल नगर में आयोजित जनसभा में पहुंचने पर मुकेश गोयल का भव्य स्वागत हुआ। मुकेश गोयल को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर थी। मुकेश गोयल कई वर्षों आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में निगम में कई पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। मुकेश गोयल ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया और लोगों से भारी मतों से आम आदमी पार्टी के पक्ष में वोट की अपील की।

**हर समस्या का होगा समाधान, ये है मुकेश गोयल का वादाः** गोपाल नगर में आयोजित बैठक में आम आदमी पार्टी के उम्मदीवार मुकेश गोयल ने जहां क्षेत्र की समस्याओं को जाना, वहीं सभी समस्याओं को चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद समयबद्ध तरीके से हल करने के आश्वासन भी दिया। जनता ने भी मुकेश गोयल के समाने क्षेत्र की समस्याओं का पिटारा खोल कर रखा दिया। कोई पानी की समस्या लेकर अपनी बात रखता तो कई सीवर लाईन की। मोहल्ला क्लीनिक को लेकर भी समस्या मुकेश के समाने रखी गई।

**भाजपा-कांग्रेस जनहित फैसलों के धुर विरोधीः** : मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों एक जैसे हैं और दोनों की नीतियां भी समाज को बांटने वाली है। दोनों पार्टियां गरीब विरोधी है। मुकेश गोयल ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो नीति है न नेता। चुनाव खत्म होने को हैं अभी तक कांग्रेस के शीर्ष नेता घरों में दुबके पड़े हैं।

वहीं मुकेश ने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि बीजेपी के नेता समाज को बांटने और आपसी भाईचारा खत्म करने में विश्वास करते हैं। दोनों पार्टियों को जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि आज भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है। सब्जियों के दाम आसामन छू रहे हैं। चावल आटा और तेल मसालों के दाम भी आज चरम पर हैं। इस बार दिल्ली की जनता भाजपा के गलत नीतियों का खूब विरोध कर रही है और जनता महंगाई के नाम पर बीजेपी के खिलाफ वोट करेगी। मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपाई सिर्फ जुमलों की राजनीति करते हैं।




## ● वजीरपुर विधानसभा आए गृह मंत्री अमित शाह

# बोले, 'कमल का बटन दबाओ, पूनम भारद्वाज को विजयी बनाओ'








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने गुरूवार को वजीरपुर क्षेत्र के सत्यवती कॉलोनी, अशोक विहार, वजीरपुर जेजे कॉलोनी सहित कई इलाकों में जनसंपर्क किया। आपको बतादें कि जहां पर भी पूनम शर्मा भारद्वाज जनसंपर्क के दौरान जा रही है, उनको जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। जनता भाजपा के पक्ष में वोट करने की बात कह रही हैं।

**अशोक विहार के दीप मार्किट में हुआ गृहमंत्री अमित शाह की विशाल जनसभा का आयोजनः** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरूवार की शाम को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया, इसलिए आप सभी भाजपा के पक्ष में वोट करें और दिल्ली में भी विकास पाये। साथ ही उन्होंने कहा कि 'कमल का बटन दबाओं, पूनम को भारी मतों से विजयी बनाओं'।

**वजीरपुर जेजे कॉलोनी में पूनम शर्मा भारद्वाज ने किया जनसंपर्कः** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में जनसंपर्क किया और कहा कि आप सभी मेरा समर्थन करें। मैं आप सभी से वादा करती हूं कि क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।

**सत्यवती कॉलोनी में बुजुर्गों ने दिया पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वादः** सत्यवती कॉलोनी में आयोजित नुक्कड सभा के दौरान वहां के स्थानीय निवासियों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद दिया और कहा कि पूनम शर्मा भारद्वाज विधायक बनेंगी और क्षेत्र का विकास करेंगी।

**पहले भी आपने किया है विश्वास, फिर चाहिए आपका आशीर्वादः पूनम भारद्वाज**
वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने कहा कि मैं आप सभी से वादा करती हूं आज जो आप लोगों को आम आदमी पार्टी के राज में सीवर ओवर फ्लो, पानी की समस्या व अन्य समस्याओं का जो सामना करना पड़ रहा है। वह मेरे विधायक बनने के बाद नहीं करना पड़ेगा, मैं क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।



# देश और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए उद्योग जगत: सैनी

## उद्यमियों द्वारा दिए गए सुझावों को ज्यादा से ज्यादा आगामी बजट में किया जाएगा शामिल - मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को बजट 2025-26 के लिए पानीपत में कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपड़ा उद्योग जगत के साथ जो विचार विमर्श हुआ है और सुझाव लिए गए हैं, उन्हें आगामी बजट में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने का पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा ताकि उद्योग जगत प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ उठा सके और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी अपने सुझाव सरकार द्वारा बनाए




गए पोर्टल पर या लिखित रूप से भी दे सकते हैं। उन सुझावों के आधार पर प्रदेश को सामाजिक आधारभूत ढांचे और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बजट में नई योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टेक्सटाइल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नीति बनाई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और वर्तमान हरियाणा सरकार स्वरोजगार को प्रेरित करने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि देश के विकास में उद्योग जगत की अहम भागीदारी होनी चाहिए।

**परामर्श**

**मुख्यमंत्री ने पानीपत में कपड़ा उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की पूर्व बजट परामर्श बैठक**

**अब तक बजट के लिए 9 हजार से ज्यादा सुझाव हुए प्राप्त**
श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को राज्य सरकार के बजट में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने एक व्यवस्था आरंभ की है, जिसमें प्रदेश का कोई भी व्यक्ति घर बैठकर भी ऑनलाइन माध्यम से बजट संबंधी सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किया गया। अब तक प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में 9 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठकें करने का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग के कल्याण व आर्थिक उन्नति के लिए योजनाएं बनाई जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पानीपत में विभिन्न उद्यमियों द्वारा आज दिए गए सुझाव आगामी बजट में प्रदेश को सशक्त और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# यमुना का पानी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पीकर दिखाया है: अनिल विज

**घेरा**

**"केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की" -अनिल विज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मामले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "मामला दर्ज हुआ है तो जांच होगी, वो (केजरीवाल) बताएं कि किसने मिलाया पानी में जहर, उनको बताना पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना का पानी पीकर दिखाया है"। श्री विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि "अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों में एक टेरर क्रिएट करने की कोशिश की है, केजरीवाल को इसका जवाब तो देना होगा"। दिल्ली में पंजाब सरकार की गाड़ी में कैश और शराब बरामद होने का मामला सामने आया है जिस पर मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि "पंजाब से गाड़ी आई है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि पैसे कौन भेज रहा है, पंजाब में किसकी सरकार है, किसके पास पैसों का अंबार है, ये अंदाजा लगाया जा सकता है? उन्होंने कहा कि ये आप पार्टी वाले सुचिता की बात करते हैं लेकिन हथकंडे इस प्रकार के अपनाते हैं।
पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा द्वारा बिजली बिल में अनाप शनाप चार्ज जोड़कर आम जन को लूटने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि "हुड्डा जी इतने दिन मुख्यमंत्री रहे है, उनको समझ होनी चाहिए कि बिजली के दाम सरकार तय नहीं करती, बिजली के दाम इंडिपेंडेंट अथॉरिटी तय करती है।

# हैबतपुर मेडिकल कालेज निर्माण कार्य का डिप्टी स्पीकर ने किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** हैबतपुर मेडिकल कालेज निर्माण कार्य में देरी को लेकर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढ़ा ने अधिकारियों से कहा कि तय समय में अगर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इसके लिए अधिकारी व निर्माण कंपनी जिम्मेवार होगी। मेडिकल कालेज को तय समय में ही तैयार करवाया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो निर्माण कंपनी पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही गुणवत्ता को लेकर डीसी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी जो डिटेल रिपोर्ट तैयार करेगी। पहले मेडिकल कालेज का प्रोजेक्ट 565 करोड़ था जो अब बढ़ कर 1085 करोड़ का हो गया है।
इस अतिरिक्त बजट के लिए वो जल्द ही सीएम नायब सैनी से मिलेंगे और जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढ़ा गुरूवार को

**दौरा**

**अगर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इसके लिए अधिकारी व निर्माण कंपनी जिम्मेवार होगी: डिप्टी स्पीकर**

हैबतपुर मेडिकल कालेज के निरीक्षण के लिए पहुंचे और अधिकारियों के साथ मंथन किया। इस बैठक में डीसी मोहम्मद इमरान रजा, चंडीगढ़ से मेडिकल एजुकेशन और एचएसआरडीसी के डायरेक्टर, निर्माण एजेंसी के चीफ कंसल्टेंट, डीएमसी गुलजार मलिक, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बीएंडआर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी स्पीकर ने एक-एक कर संबंधित विभागों से जानकारी हासिल की और मेडिकल कालेज के निर्माण में हो रही देरी पर अधिकारियों से जवाब-तलबी की।

# सेम की समस्या को खत्म करने के लिए बनाएं ठोस योजना : कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस योजना बनाएं, किसानों के हित के लिए बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी। श्री राणा आज यहां कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सेम एवं लवणीय भूमि सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, निदेशक श्री राजनारायण कौशिक के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कृषि मंत्री ने विभाग के फील्ड से आए वरिष्ठ अधिकारियों की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आप लोग किसानों के सीधे सम्पर्क में रहते हैं, किसानों से राय -मशविरा करके सेमग्रस्त और लवणीय भूमि को जल्दी से जल्दी ठीक करने के वर्तमान उपायों के अलावा अन्य उपायों पर भी विचार करें और

**प्रभावी**

**ज्यादा पानी पीने वाले पेड़ सफेदा आदि लगाकर उक्त दोनों तकनीकों को प्रभावी बनाया जाता है**

सुझाव दें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन गांवों में पंचायती-भूमि सेम ग्रस्त है तो वहां पर पोंड बनाकर झींगा मछली के पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इससे जहां लवणीय पानी का प्रयोग हो सकेगा वहीं पंचायतों को अतिरिक्त आमदनी भी हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेमग्रस्त भूमि को ठीक करने के लिए अगर जिलावाइज योजना बनानी पड़े तो वह भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में सेम की समस्या ज्यादा है वहां पर ड्रेन से पानी की निकासी करके भूमि सुधार के प्रयास करें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा को इस अवसर पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश के 13 जिलों के 686 गांव सेमग्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कृषि भूमि का 8 प्रतिशत यानि 9,82,731 एकड़ भूमि सेम से प्रभावित है। फिलहाल सिरसा और गुरुग्राम जिला को सेम मुक्त कर दिया गया है जबकि फतेहाबाद जिला को इस साल के अंत तक सेम मुक्त कर दिया जाएगा।
अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में भूमि को सेम और लवण से मुक्त करने के लिए "सब सर्फेस ड्रैनेज तकनीक", "वर्टिकल ड्रैनेज तकनीक" अपनाई जाती है। इनके अलावा, जैविक जल निकासी योजना के तहत ज्यादा पानी पीने वाले पेड़ सफेदा आदि लगाकर उक्त दोनों तकनीकों को प्रभावी बनाया जाता है।

# सिलेबस में किए गए है कई बड़े बदलाव: शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए हरियाणा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति व उसके नवीनकरण को स्कूली स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनेगा, इससे शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बदलाव आएगा। शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राहुल हुड्डा, सेकेंडरी शिक्षा के निदेशक जीतेन्द्र कुमार, गुरुग्राम विश्वविद्यालय से राजीव, निदेशक ऋषि गोयल, सुनील बजाज, एससीईआरटी से इंदु, जिला शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम कुलदीप मेहता, विशेष आमंत्रित सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि हरियाणा का युवा हिन्दी अग्रेजी तक ही सीमित न रहे, बल्कि युवा अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं को भी सीखे, विभाग दूसरी भाषाओं को सिखाने के लिए विचार कर रहा है।

# जनकल्याण को समर्पित होगा सरकार का बजट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को पानीपत में उद्योगपतियों व कपड़ा उद्यमियों के साथ बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया जाएगा वह जनता के कल्याण से जुड़ा होगा, जिसमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों सहित समाज के सभी वर्गों को पूर्ण प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।
दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए अनर्गल प्रचार नहीं करना चाहिए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों का अपमान किया है। दिल्ली के लोग अबकी बार उनके बहकावे में नहीं आने वाले। दिल्ली के हालात कल्पना से परे है, वह स्वयं भी इससे वाकिफ है। दिल्ली की जनता ने उन्हें दो मौके दिए, अबकी बार उन्हें दिल्ली की जनता मौका नहीं देगी, क्योंकि वे जनता की उम्मीद पर खरा नहीं उतरे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा साढ़े 8 हजार करोड़ रुपए एसटीपी लगाने को लेकर दिल्ली सरकार को दिए गए थे लेकिन न तो एसटीपी लगा और न ही पैसे का पता चला।
दिल्ली की गलियों में पानी भरा पड़ा है। रसोई में शुद्ध जल नहीं मिल रहा। तालाबों तक की सफाई नहीं की गई। पानी के डिस्ट्रीब्यूशन की कमी है। उसको सुधारने की बजाय अरविंद केजरीवाल बयानबाजी पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

# 2025-26 हेतु नाबार्ड ने घोषित किया 3.14 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट प्लान

**खाका तैयार**

**कृषि, एमएसएमई और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से मिलेगी आर्थिक विकास को गति: मुख्य सचिव**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने हरियाणा में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.64 प्रतिशत अधिक है। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत ऋण संभाव्यता की क्रमशः 35.60 प्रतिशत, 57.12 प्रतिशत और 7.28 प्रतिशत हिस्सेदारी का आकलन किया गया है। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां राज्य क्रेडिट सेमिनार के दौरान नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर (एस.एफ.पी.) का विमोचन किया। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए ऋण संभाव्यता का आकलन करने के लिए नाबार्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सरकार राज्य में फसल विविधिकरण, जलवायु-अनुकूल कृषि, झींगा पालन और सब्जी कलस्टरों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बैंकों, सरकारी विभागों, नाबार्ड, एस.एल.बी.सी., शैक्षणिक संस्थानों समेत सभी हितधारकों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करने का भी आग्रह किया। मुख्य सचिव ने कहा कि यह स्टेट फोकस पेपर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए इस वर्ष चलाई जाने वाली गतिविधियों के लिए एक बेंचमार्क और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि में हमेशा आगे रहा है और देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे किसानों ने अपने अथक प्रयासों से प्रदेश को ह्यदेश की ब्रैड बास्केटह्व बना दिया है। हालांकि, हमें घटते भूजल, कम होती भूमि जोत, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, इनके लिए तत्काल और अभिनव समाधान खोजने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा इन चुनौतियों से निपटने कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और किसानों को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। डॉ. जोशी ने कहा कि फसल ऋण की वृद्धि को बनाए रखने के लिए, कृषि उत्पादकता बढ़ाकर, फसल विविधीकरण, सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देकर, विस्तारित केसीसी योजना का सही ढंग से कार्यान्वयन करके, किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शामिल करके और कम भूमि से अधिक उत्पादन और प्रति बूंद अधिक फसल के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

# गुणवत्तापरक कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्ट: विपुल

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। यह निर्देश शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने हरियाणा निवास में प्रदेशभर के नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में उद्योग और पर्यावरण मंत्री श्री राव नरबीर भी उपस्थित रहे।
ल बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में




एक बार फील्ड में जाकर रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। इससे अधीनस्थ अधिकारी हमें भ्रमित नहीं कर सकेंगे और हर विषय की अपडेट जानकारी हमारे पास होगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसे विभाग से जुड़े हैं जिनके काम की लोग प्रतिदिन समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब सुबह लोग सैर के लिए निकलते हैं तो रास्तों में सड़कों पर गलियों में सफाई व्यवस्था देखकर हमारे विभाग की कार्यशैली की समीक्षा करते हैं।

**शहर और कस्बों में सफाई व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान**
उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हमारे पास संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं है। श्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को कहा कि विभाग से जुड़े कार्यों की निरंतर जिलों में भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी ही वे स्वयं भी प्रत्येक जिले में जाकर कामों की समीक्षा करेंगे।

**बेसहारा गोवंश गौशालाओं में पहुंचाएं**
मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि शहर और कस्बों में बेसहारा घूमने वाले गोवंश को पकड़कर नजदीक की गौशालाओं में भेजें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं का पूरा रिकॉर्ड गौ सेवा आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है। किस गौशाला में कितने गोवंश को भेजा जा सकता है, यह जानकारी हमें गौ सेवा आयोग की साइट से मिल जाएगी।
उन्होंने कहा कि इस विषय में सौ प्रतिशत काम होना चाहिए। इस विषय को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि बड़े शहरों और कस्बों में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए।

**आदेश**

**शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की ली बैठक: मंत्री विपुल गोयल**

# फरीदाबाद : महाकुंभ में हुई भगदड़ में इंजीनियर की मौत, हुआ अंतिम संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की संजय कॉलोनी सेक्टर 23 निवासी अमित की महाकुंभ भगदड़ में मौत हो गई। गुरुवार को उनका शव उनके घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार किया। अमित की चिता को उनके 1 साल के बेटे ने आग दी। 34 साल का अमित अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। मूल रूप से वह यूपी फिरोजाबाद के बाई गांव का रहने वाला था। पिछले काफी सालों से अपने परिवार के साथ फरीदाबाद की संजय कॉलोनी में रह रहा था। अमित के परिवार में वृद्ध माता, पत्नी, बहन और उसके चार छोटे बच्चे है। 2016 में उसकी शादी यूपी के रहने वाली फिरोजाबाद की पूजा (30) के साथ हुई थी। अमित के चार बच्चों में बेटी काव्या (6), निती (4), मन्नत (3), बेटा रुद्राक्ष (1) शामिल है। जबकि उसकी बहन मंशा 22 साल की है। अमित ने 2016 में आर्मी में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस के तहत लिफ्ट मैकेनिक ज्वाइन किया, जिसके बाद 2017 में उनकी पोस्टिंग दिल्ली कैंट में लिफ्ट मैकेनिक के पद पर हो गई। 2018 में उनके पिता का निधन हो गया। 25 जनवरी की दोपहर को अमित अपनी पूजा पत्नी, बच्चों और अपनी मां सरिता देवी के साथ गंगा स्नान के लिए फरीदाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना हुआ था।
अमित अपने परिवार के साथ संगम घाट पर ठहरा था, 29 की सुबह करीब 1 बजे वह अपनी मां सरिता देवी के साथ घाट पर स्नान करने के लिए चला गया। अमित की पत्नी और बच्चे घाट पर तंबू के अंदर ही सोए हुए थे। घाट पर जब वह नहाकर वापस आ रहा था तो अचानक से भगदड़ मच गई। अमित की मां को मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों से सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन अमित की इस भगदड़ में दबकर मौत हो गई।

# हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे : कुमारी आरती सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने घोषणा की कि हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे, इसके लिए आज से कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान शुरू किया गया है जो कि 13 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है। आज कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस के अवसर पंचकूला जिला के गांव खड़ग मंगोली में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें इसी गांव के 3 कुष्ठ रोगियों को सम्मानित किया गया तथा लोगों से कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव न करने की शपथ भी दिलवाई गई। स्वास्थ्य मंत्री कुमारी राव ने कुष्ठ

**लक्ष्य**

**कुष्ठ रोग जागरूकता दिवस पर कहा, 13 फरवरी तक चलेगा जागरूकता अभियान : राव**

रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेश के लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कुष्ठरोग न तो ईश्वर का श्राप है न ही पिछले जन्मों के पापों का फल। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महात्मा गाँधी कुष्ठ रोगियों के प्रति दयालु थे और उनका मानना था कि कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करना चाहिए। वे कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए प्रयासरत थे।
स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कुष्ठरोग जीवाणुओं (माइकोबैक्टेरियम) से होने वाली एक साधारण बीमारी है, जो मुख्य रूप से चमड़ी एवं नसों को प्रभावित करती है। यह सबसे कम संक्रामक रोगों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह सामान्य सर्दी-जुकाम से भी कम संक्रामक है। यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति, स्त्री-पुरुष को हो सकती है। यदि समय पर इसका उपचार न किया जाए तो यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को फैल सकती है और विकलांगता भी हो सकती है। परंतु कुष्ठरोग का समय पर इलाज शुरू करने से बीमारी के संक्रमण को रोका जा सकता है। कुष्ठरोगी पूरी तरह से सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। यदि कुष्ठरोग का प्रारंभिक अवस्था में पता लगा लिया जाए तो मल्टी ड्रग थैरेपी द्वारा पूर्णतः इलाज संभव है।
उन्होंने कहा कि 6 से 12 माह तक के उपचार से कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। पिछले 10 वर्षों में कुष्ठरोग से प्रभावित 4277 व्यक्ति अपना इलाज पूर्ण कर परिवार के साथ सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कुष्ठरोग का उपचार हरियाणा के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहले भी अपने राज्य को चेचक और पोलियो मुक्त बनाया है। इसी प्रकार हमें आने वाले वर्षों में हरियाणा को कुष्ठरोग मुक्त प्रदेश बनाएंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता संदिग्ध कुष्ठरोग के व्यक्तियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करते है। जिस व्यक्ति के त्वचा पर हल्के पीले रंग के निशान है तथा जिसकी हथेली या तलवों में सुन्नापन है ऐसे व्यक्ति को कुष्ठरोग हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि ऐसे व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं लेनी चाहिए। इस रोग की देखभाल करने में देरी से विकलांगता (दिव्यांगता) हो सकती है। यदि आपके आसपास किसी व्यक्ति में कुष्ठरोग का कोई भी लक्षण नजर आए तो तुरंत उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। यदि संदिग्ध व्यक्ति में कुष्ठरोग पाया जाता है तो सरकार द्वारा सूचित करने वाले व्यक्ति को 250 रूपए इनाम भी दिया जाता है।

# दिल्ली की जनता को मूर्ख समझ रहे है केजरीवाल, 5 फरवरी को जनता देगी जवाब: कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली। राई हलके** से विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने दिल्ली विधान चुनाव में मित्राऊ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नीलम का चुनाव प्रचार किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा की नीतियों से देश की जनता खुशहाल कहा कि अपने 10 साल से अधिक कार्यकाल सत्ता सुख भोगने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अपना हिसाब देने की बजाय जनता को मूर्ख बनाकर सत्ता



सुख पाने के लिए गलत हथकंडे अपना रहे हैं।अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की माटी के प्रति अपने फर्ज को भूल कर ओछी मानसिकता दिखाई है, अब दिल्ली की जनता के सामने है। आगामी 5 फरवरी को दिल्ली की जनता इस मूर्ख तंत्र से निजात पाकर भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को अपने कामों का हिसाब दिया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 10 साल का हिसाब दिया, जिसपर भरोसा जताता हुए केंद्र और प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया। लेकिन दिल्ली में 10 साल सत्ता सुख भोगने के बाद अरविंद केजरीवाल विकास की बात नहीं कर रहे, क्योंकि उन्होंने न केवल दिल्ली के विकास की राह में बाधा उत्पन्न की है, बल्कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली की जनता तक पहुंचने से रोका है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता की बात करके दिल्ली को मूर्ख बना रहे केजरीवाल ने सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा पटल पर नहीं रखने दी और अदालत को कहना पड़ा कि दिल्ली की आप-दा सरकार की ईमानदारी पर संदेह हो रहा है। ऐसा इसलिए किया गया कि दिल्ली की जनता को शराब घोटाले से हुए नुकसान, शीशमहल बनाने से हुए नुकसान जैसे 14 गम्भीर मामलों में आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार जनता के सामने आता और वो मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहते। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार आप-दा को माफ नहीं करेगी, बल्कि साफ करेगी, क्योंकि उन्होंने अपने घमंड के बूते पर दिल्ली को विकास के मामले में गर्त में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता को प्रदेश सरकार की जनहित योजनाओं के साथ केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का डबल फायदा देना चाहते हैं और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा को बड़े अंतर से जिताकर केजरीवाल के घमंड को तोड़ने का काम करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद थे।

# कोरोना काल में माता-पिता खो चुकी जरूरतमंद बेटी का कराया विवाह

**पुण्य का कार्य**


**वर पक्ष ने आश्वासन दिया कि वह उसका पालन-पोषण अपनी संतान की तरह करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। भारत विकास परिषद राष्ट्रीय टीम के सदस्य** एवं जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक ने अपने मित्रों के सहयोग से एक जरूरतमंद बेटी का विवाह कराया। गन्नौर की रहने वाली ज्योति ने कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो दिया था। अब उसका विवाह का विवाह जींद निवासी नीरज के साथ संपन्न हुआ। वर पक्ष ने आश्वासन दिया कि वह उसका पालन-पोषण अपनी संतान की तरह करेंगे। शादी का आयोजन अनीता रामपाल कौशिक द्वारा संचालित ओम पब्लिक स्कूल, रोशनपुर में हुआ। शादी में नवजीवन की शुरूआत के लिए बेटी को संपूर्ण गृहस्थी का सामान देकर विदा किया गया। योगेश कौशिक ने कन्यादान करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अमित जैन, संदीप सिंघल, भाविप संस्कार उपाध्यक्ष निशा कौशिक, विकास भगवती, डा. संजीव गर्ग, एडवोकेट बिजेंद्र त्यागी, अंकित त्यागी, विशाल वर्मा, रजत गुप्ता, रोशन लाल,
ममता वर्मा, मनीष जैन, निशि पाहुजा, राजकुमार अग्रवाल, राजेश चौहान, डा. मनोज राय, अनिल कौशिक, मनीष बंसल और एडवोकेट नेहा त्यागी ने नवदंपति के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला खनन अधिकारी ने किया यमुना का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। अवैध खनन** पर लगाम लगाने के लिए जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने वीरवार को अपनी टीम के साथ यमुना किनारे स्थित गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने पबनेरा, चंदौली, बेगा और आसपास के गांव में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

अनिल कुमार ने बताया कि जनवरी महीने में उनकी टीम ने अवैध खनन में लिप्त 12 वाहनों को पकड़ा और 8 वाहन मालिकों से 25.79 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला।

# जेल अधीक्षक डॉ. वी.एस. मौर्य ने बने प्रेरणास्त्रोत

**श्योपुर/संजीव कौशिक**

**जब** इंसान में दृढ़ संकल्प और अपने सपनों को साकार करने का हौंसला होता है तो वह इंसान एक दिन अपने मुकाम को हासिल कर ही लेता है। इस वाक्य को चरितार्थ किया है जिला जेल, श्योपुर के जेल अधीक्षक डॉ. वी.एस. मौर्य ने। उन्होंने अपने सपनों को ऐसे साकार किया कि वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए। विजय सिंह मौर्य अपनी मेहनत और लगन से एक आम आदमी से मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध समाजसेवी बन गए। जेलर विजय सिंह मौर्य के पिता एक साधारण से व्यक्ति थे जो पढ़ाई को सबसे उत्तम मानते थे। विजय सिंह मौर्य में मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की ज़िज्ञासा थी ही परंतु



जीवन में अनेक बाधाएं झेलते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचने का कार्य पूरा किया। उन्होंने इंटर पास करने के बाद वे 17 फरवरी 1982 को बतौर आरक्षक मध्य प्रदेश जेल पुलिस में भर्ती हुए और सेंट्रल जेल ग्वालियर में पहली नियुक्ति हुई।विभागीय नियमों अनुसार 8 मई 1985 में बतौर जेल विभाग में स्थाई नियुक्ति हुई परन्तु जीवन में आगे बढ़ने की ज़िज्ञासा और सुनहरे सपनों ने उन्हें चैन से सोने नहीं दिया और जेल विभाग से शिक्षा प्राप्त करने की स्वीकृति हेतु आवेदन किया तो विभाग ने उन्हें तुरंत शिक्षा प्राप्ति की अनुमति प्रदान कर दी। फिर क्या था यही से शुरू हुआ डॉ.विजय सिंह मौर्य का सामाजिक कार्य ,शिक्षा तथा विभागीय पदोन्नतियों का सिलसिला। उन्होंने तुरंत बी.काम. पास किया और एम. ए. हिंदी विषय से पास करने के तुरंत बाद एम. ए. समाज शास्त्र में किया। 1995 में उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल सर्विस जेल की परीक्षा दी और पहले प्रयास में ही एमपीपीएससी परीक्षा पास कर जेल विभाग में बतौर सहायक जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली।

लेकिन समाज शास्त्र विषय की पढ़ाई ने उन्हें समाज से ऐसा जुड़ाव दिया कि किसी भी परिस्थिति में सामाजिक कार्यो से परहेज नहीं किया। सरकारी सेवा में होते हुए जितना भी समय उन्हें मिलता वह समाजसेवा में लग जाते।

# न्यूज फ्लैश

## शराब पीकर हुड़दंग मचाने पर दो गिरफ्तार

**गन्नौर। गन्नौर रेलवे स्टेशन** के पास शराब के ठेके के सामने हुड़दंग मचा रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक सुशील उर्फ शीलू निवासी दोहला, जिला जींद और अमन निवासी सुल्तानपुर, जिला अंबाला के रहने वाले हैं। जानकारी अनुसार गन्नौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक सतीश गश्त पर थे। उन्होंने दोनों युवकों को शराब पीकर शोर-शराबा करते देखा। राहगीरों की परेशानी को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले कर मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## ट्यूबवेलों की 450 फीट बिजली की तार चोरी

**गन्नौर। गन्नौर क्षेत्र** के दो गांवों में ट्यूबवेलों से 450 फीट बिजली की तार चोरी होने के मामले सामने आए हैं। थाना गन्नौर पुलिस ने किसानों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बजाना कला गांव के किसान रणबीर ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने अपने ट्यूबवेल की बिजली की तार सही-सलामत छोड़ी थी, लेकिन अगली सुबह करीब 85 फीट डोरी गायब मिली। आसपास के ट्यूबवेल देखने पर पता चला किकिसान राजबीर की 40 फीट तार चोरी हो चुकी थी। इसी तरह, मोई गांव के किसान सुरजीत ने बताया कि उनके ट्यूबवेल समेत आठ किसानों के ट्यूबवेलों से 325 फीट बिजली की तार चोरी हो गई। किसानों ने जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव 6 को

गन्नौर। ब्लाक समिति अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास पास होने के बाद नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिला विकास एवं पंचायत विभाग अधिकारी द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार दोनों पदों पर चुनाव 6 फरवरी को बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में होगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पूनम चंदा ने बताया कि चुनाव जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी की अध्यक्षता में होगा। तारीख निर्धारित होने के बाद नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए दावेदारों ने अपनी अपनी कमर कस ली है। हालांकि दावेदारों के नाम स्पष्ट तौर पर सामने नही आ रहे हैं। चुनाव के आदेश मिलने के बाद ब्लाक समिति के सभी 29 सदस्यों को चुनाव संबंधित सूचना भेजी जा रही है। सोनू कुमार 24 दिसंबर 2022 को सर्वसम्मति से ब्लाक समिति अध्यक्ष जबकि कृष्णा देवी वोटिंग के माध्यम से उपाध्यक्ष बनी थी।

# एसडीएम छावनी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: एसडीएम सतिन्द्र** सिवाच ने अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारियों के साथ एक बैठक लेते हुए राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों बारे समीक्षा करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से सम्बन्धित जो भी कार्य होते हैं सम्बन्धित कर्मचारी उस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंतकाल बारे, जमाबंदी बारे, सरकारी देय बकाया वसूली, कोर्ट केस के साथ-साथ अन्य बिदुंओं बारे विस्तार से समीक्षा



करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति एसडीएम कार्यालय या तहसील में अपने किसी भी कार्य के लिए आता है उसके साथ सौहादर्यपूर्ण व्यवहार रखें और उसके कार्य से सम्बन्धित जो भी दस्तावेज लगने होते हैं, उस बारे उन्हें अवगत करवाएं और प्रयास करें कि सम्बन्धित व्यक्ति का कार्य समयबद्ध तरीके से हो। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य के तहत किसी भी तरह का भ्रष्टाचार सहन नहीं होगा। यदि कोई भी शिकायत उनके संज्ञान में आई तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसीलिए सम्बन्धित अपने कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ करते हुए आमजन के कार्य को प्राथमिकता से करें। बैठक के दौरान इंतकाल से सम्बन्धित साहा व अम्बाला छावनी की जो पैंडसी थी उसे एक सप्ताह के अंदर-अंदर करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कोर्ट केसों का निपटारा भी समयबद्ध तरीके से करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने जमाबंदी के साथ-साथ सरकारी देय बकाया वसूली के कार्य की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बैठक के दौरान यह भी कहा कि तहसील के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय में भी जो लोग अपने कार्यों के लिए आते है जैसे आर.सी., चालक

# राज्य स्तरीय युवा आदर्श ग्राम पंचायत का आयोजन

**गन्नौर। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में वीरवार को राज्य स्तरीय युवा आदर्श ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, ग्राम सभा सदस्य और अधिकारियों की भूमिकाएं निभाकर ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली को समझा। 12वीं की छात्रा काजल ने सरपंच की भूमिका निभाई और ग्रामीण विकास पर विचार प्रस्तुत किए, जबकि कनिका ने सचिव के रूप में कुशल प्रबंधन कौशल दिखाया। कोमल, मुस्कान और नेहा ने अधिकारियों की भूमिका



निभाई, वहीं दसवीं की छात्रा तनु ने चौकीदार की भूमिका अदा की। डाइट पानीपत के वरिष्ठ प्रवक्ता जयदीप जागलान और नरेंद्र मान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करते हैं। कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता विजय कुमार ने अहम भूमिका निभाई।

# बाल भवन स्कूल के छात्र आरिव ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बाल भवन** इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा छठी के छात्र आरिव ने हरियाणा यूथ गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 18 और 19 जनवरी को हिंदू स्कूल में स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई थी। आरिव ने राज्य स्तर पर बेहतरीन खेल कौशल दिखाते हुए पदक जीतकर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य जय भारत गुप्ता और समन्वयक नेहा सिंधु ने आरिव की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा किविपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने वाले ही सफलता प्राप्त करते हैं।

# खाद, बीज विक्रेताओं का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: विपणन अधिकारी,** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा, पंचकुला डाक्टर राकेश पोरिया द्वारा जिला अम्बाला में गुणवत्ता नियंत्रण के तहत अभियान चलाया गया जिसके तहत डाक्टर राकेश पोरिया व सम्बन्धित टीम में शामिल द्वारा साहा, बराड़ा, अम्बाला छावनी स्थित कीटनाशक खाद व बीज विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। सभी विक्रेताओं के लाईसैंस की जांच की गई एंव संबधित अन्य रिकार्ड की जांच की गई। जांच के दौरान सभी विक्रेताओं का रिकार्ड व अन्य सूचनाओं जोकी गुणवत्ता नियंत्रण के तहत आवश्यक है



दुरूस्त पाए गए गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी दुकानों से कीटनाशकों के कुल 23 नमूने भी लिए गए जिनको गुणवत्ता नियंत्रण लैब में विश्लेषण हेतु भेजा जाएगा। निरक्षण के दौरान विपणन अधिकारी डॉ0 राकेश पोरिया के साथ डॉ0 जसविन्द्र सैनी, उप कृषि निदेशक, अम्बाला और शेखर कुमार, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी, अम्बाला व जगमोहन सिंह, उप मण्डल कृषि अधिकारी, अम्बाला, विषय विशेषज्ञ, डॉ सिमरन, व डॉ अन्जली राणा उपस्थित रहे।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ०प्र०
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शाई गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट Website:www.noidaauthorityonline.com एवं http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | 27/महा0 प्र0/पीई(पीएच–।।)/ई0टी0/2024–25 | जन स्वास्थ्य खण्ड–द्वितीय के कार्यक्षेत्र में साईनबोर्ड एवं डस्टबिन लगाने का कार्य। | Rs. 1796380.40 |

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 30/01/2025 से 12.02.2025 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 13/02/2025 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

कार्यालय:
सैक्टर-94

महाप्रबन्धक
(जन स्वास्थ्य) नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# उपायुक्त ने किया मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त पार्थ** गुप्ता ने कहा लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुशहाल रहें, इसके दृष्टिगत मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से जूझ रहा है जोकि पूर्ण रूप से खुश न रहने का कारण है। इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है ताकि लोग स्वस्थ और मन से खुशहाल बन सकें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता एनआईसी कार्यालय अंबाला शहर के सभागार में आयोजित मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम की शुभारम्भ करने पहुंचे थे और इस मौके पर उन्होंने वहां पर




उपस्थित सबंधित अधिकारियों, शिक्षकों और विशेषज्ञों को मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि इस प्रोग्राम का पहला चरण स्कूलों के बच्चों पर केंद्रित रहेगा, जिसके तहत आज से ही शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दो चरणों में दिया गया है ताकि वे छात्रों को न केवल शैक्षिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बना सके। इसके बाद लोगो को तनावमुक्त व खुशहाल बनाने को लेकर इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम के दृष्टिगत मनोचिकित्सक विभाग पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के प्रो. ललित और प्रो. असीम मेहरा ने शिक्षकों को मेंटल हैल्थ से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मानसिक रूप से खुश और तनावमुक्त रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान शिक्षकों को बताया गया कि छात्रों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखा जाए, और उन्हें सकारात्मक माहौल कैसे प्रदान किया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों को यह भी समझाया गया कि वे छात्रों के साथ फ्रैंडली व्यवहार कैसे विकसित कर सकते हैं और उन्हे खुशहाल माहौल कैसे प्रदान कर सकते हैं उस बारे उन्हें जानकारी दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए मानसिक विश्लेषण के दृष्टिगत एक विशेष क्वीज आयोजित करवाई जाए ताकि उसके माध्यम से यह पता लग सके कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश मानसिक रूप से परेशान तो उसकी समस्या को जानते हुए उसकी मनोवैज्ञानिक से काउंसलिंग करवाते हुए उसकी इस परेशानी को दूर किया जाए।

# स्कूल आने के बाद शिवालिक स्कूल के दो छात्र लापता

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर रोड स्थित शिवालिक पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के दो छात्र सुबह घर से स्कूल आने के बाद स्कूल से बाहर निकले दो छात्र लापता हो गए। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश पहल व अभिभावकों ने दोनो छात्रों की आसपास व रिश्तेदारी में पता किया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। उसके बाद गन्नौर थाना पुलिस को उनके लापता होने की शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि गांव गामड़ा का आठवी कक्षा का छात्र तरूण पुत्र जयदीप व आहुलाना गांव का रोहन पुत्र विरेन्द्र वीरवार को सुबह स्कूल में आ गए थे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

महाकुम्भ–2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा पूर्व घोषित विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :–

रेलगाड़ी सं. 02421/02422 सूबेदारगंज-दिल्ली जं.-सूबेदारगंज सुपरफास्ट कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02421 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02422 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:35 | सूबेदारगंज | 19:40 | ---- |
| 22:45 | 22:47 | फतेहपुर | 17:18 | 17:20 |
| 00:15 | 00:20 | गोविन्दपुरी | 16:00 | 16:05 |
| 02:00 | 02:02 | इटावा जं. | 13:50 | 13:52 |
| 03:33 | 03:35 | टूण्डला जं. | 12:43 | 12:45 |
| 04:45 | 04:47 | अलीगढ़ जं. | 11:35 | 11:37 |
| 08:55 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 09:30 |

चलने के दिन : 02421 सूबेदारगंज जं. से प्रत्येक रविवार दिनांक 09.02.2025 से 02.03.2025 तक एवं 02422 दिल्ली जं. से प्रत्येक सोमवार दिनांक 10.02.2025 से 03.03.2025 तक

स्थान: 3 टियर वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
340/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

### कैलाश मानसरोवर: समझदारी दिखाएंगे भारत-चीन?

**साल** 2025 की गर्मियों में भारत और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो जाएगी। दोनों देशों के बीच इस यात्रा को लेकर दोबारा सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। वहीं, विगत पांच वर्षों से थमी हुई इस यात्रा को पुनः शुरू करने के लिए दोनों देश डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने को लेकर भी तैयार हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, एक द्विपक्षीय बैठक में इस आशय की सहमति बनी है। हालांकि, कैलाश मानसरोवर का जिक्र होते ही सबसे पहले हर किसी के मन में यही सवाल उठता है कि कैलाश मानसरोवर किसका है? जब भगवान शिव भारतीयों के देवाधिदेव महादेव हैं तो फिर यह पुण्यभूमि तिब्बतियों/चीनियों की कैसे हो गई? क्या तिब्बत/चीन ने इस पर जबरन कब्जा किया है? आखिर इससे जुड़ी कैलाश मानसरोवर की वह क्या कहानी है, जिसपर इतिहासकारों और विद्वानों के अलग-अलग आलेख उपलब्ध हैं। वहीं, लोगों के मन में यह विचार पैदा हो रहा है कि यदि 'कैलाश-मानसरोवर' की चीन द्वारा जबरिया परिवर्तित स्थिति को पुनः बदलने के लिए भारत सरकार ने समय रहते समुचित कदम नहीं उठाए तो भविष्य में रामजन्म भूमि आंदोलन की तरह हिंदुओं की जनभावना भड़केगी और चीनी कब्जे से इस पुण्यभूमि को मुक्त कराने के लिए देशव्यापी/विश्वव्यापी अभियान चलाया जाएगा। इससे यह पावन क्षेत्र एशिया का दूसरा 'येरुशलम' बन जाएगा! क्योंकि इस पवित्र भूमि से न केवल हिंदुओं बल्कि भारतीय जैनियों-बौद्धों की भी जनभावनाएं जुड़ी हुई हैं। शायद इसी नजरिए से बौद्ध मतावलंबी देश चीन ने भी इस पर कब्जा जमाया है, जिससे भारतीय हिंदुओं-जैनियों में व्यापक रोष देखा-सुना जाता है। बता दें कि भारत के पूर्व राजदूत पी स्टोबदान ने अपने एक आलेख में लिखा है कि कैलाश मानसरोवर और इसके आसपास का इलाका 1960 के दशक तक भारत के अधिकार क्षेत्र में आता था। लेकिन उसके बाद तत्कालीन भारत सरकार की कमजोरी का फायदा उठाते हुए चीन ने इस पर कब्जा कर लिया। बता दें कि 1959 में पहली बार चीन ने अपने नक्शे में सिक्किम, भूटान से लगते कैलाश मानसरोवर के बड़े हिस्से को अपने अधिकार क्षेत्र में दिखाया था। हालांकि तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने संसद के बाहर और भीतर इसका जोरदार विरोध दर्ज कराया। इस बारे में पूर्व राजदूत स्टोबदान ने लिखा है कि नेहरू ने ये जमीन भले चीन को सौंपी न हो लेकिन वो इसे बचा नहीं पाए। साथ ही वह चीन को इस हरकत से रोक नहीं पाए। जबकि 1961 की आधिकारिक रिपोर्ट में कैलाश के पास के क्षेत्रों पर भारत के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और राजस्व अधिकारों का पूरा विवरण दिया गया था। चीन ने तब इसका विरोध नहीं किया था। वहीं, 1947 में जम्मू-कश्मीर रियासत से किए गए समझौते में मेन्सर इलाके को चीन को दिए जाने का जिक्र भी नहीं है। मेन्सर इलाके पर दावे को लेकर कोई कानूनी हल नहीं हुआ है। समझा जाता है कि तब से इस कैलाश पर्वत को गंवाने को लेकर हिंदुओं, जैनियों व बौद्धों के मन में कसक है। सभी इसे पुनः पाने को लेकर अपने अपने स्तर से सक्रियता दिखाई है। जनजागृति हेतु अंदरूनी तैयारियां भी चल रही हैं।

# क्यों न सेवानिवृत्ति आयु पर पुनर्विचार किया जाए



बलदेव राज भारतीय

> दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित करने में केवल उम्र को एकमात्र मानदंड नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके बजाय, कर्मचारियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। फिलहाल, यह निर्णय केवल दिल्ली सरकार के कर्मचारियों पर लागू होता है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। यदि अन्य राज्यों और केंद्र सरकार ने भी इस फैसले पर विचार किया, तो संभव है कि पूरे देश में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की नीति में बदलाव देखने को मिले और ऐसा होना भी चाहिए। यह फैसला न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि समाज और सरकार के लिए भी लाभकारी हो सकता है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस होगा

**भारत में** सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु हमेशा से एक संवेदनशील और बहस का विषय रही है। सरकारी तंत्र के भीतर इस मुद्दे को लेकर समय-समय पर चर्चाएँ होती रही हैं। हाल ही में, दिल्ली हाईकोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने इस बहस को नए आयाम दिए हैं। अदालत ने कहा है कि 60 वर्ष की आयु को रिटायरमेंट के लिए उपयुक्त सीमा मानना अब प्रासंगिक नहीं रह गया है। इस फैसले ने देशभर में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति को लेकर एक नई सोच को जन्म दिया है और यह प्रश्न उठाया है कि क्या मौजूदा आयु सीमा में बदलाव की आवश्यकता है? वर्तमान में, अधिकांश सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 या 60 वर्ष निर्धारित है। लेकिन समय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के चलते यह सीमा अब सीमित लगने लगी है। जैसे-जैसे लोग अधिक समय तक स्वस्थ और कार्यसक्षम बने रहते हैं, उनकी कार्यक्षमता का लाभ सरकार और समाज को भी मिल सकता है। भारत में पिछले कुछ दशकों में चिकित्सा सुविधाओं में भारी सुधार हुआ है। आधुनिक चिकित्सा प्रणालियाँ, बेहतर पोषण और जागरूकता ने लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा को बढ़ा दिया है। 1950 के दशक में भारत में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 40-45 वर्ष थी, लेकिन आज यह बढ़कर 70 वर्ष के करीब पहुँच गई है।

यदि जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ रही है और लोग लंबे समय तक मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रह रहे हैं, तो यह तर्कसंगत होगा कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु भी बढ़ाई जाए। इससे न केवल कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि संस्थानों को भी उनके अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। बढ़ती प्रतियोगिता और चयन प्रक्रिया में देरी के कारण आजकल अधिकांश युवाओं को सरकारी नौकरी देर से प्राप्त होती है। कई राज्यों में सरकारी सेवाओं में प्रवेश की अधिकतम आयु सीमा 42 से 47 वर्ष तक निर्धारित है। ऐसे में, यदि वे कर्मचारी शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतः सक्षम हैं, तो उन्हें भी अधिक सेवा अवधि का अवसर मिलना चाहिए। इससे न केवल उनकी पेशेवर स्थिरता बनी रहेगी, बल्कि सरकार और समाज को भी उनके अनुभव व दक्षता का दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। अनुभवी कर्मचारियों की उपस्थिति किसी भी संस्थान के लिए अमूल्य होती है। सरकारी विभागों में विशेष रूप से, वरिष्ठ कर्मचारियों का अनुभव, निर्णय क्षमता और प्रशासनिक समझ संस्थान को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके दशकों के अनुभव का लाभ युवा कर्मचारियों को मार्गदर्शन के रूप में मिल सकता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, भारत के कई सरकारी विभागों में नेतृत्व क्षमता की कमी देखी जा रही है, विशेषकर विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में। यदि रिटायरमेंट की आयु बढ़ा दी जाती है, तो वरिष्ठ कर्मचारियों की विशेषज्ञता और ज्ञान का उपयोग अधिक समय तक किया जा सकता है, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार हो सकता है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित करने में केवल उम्र को एकमात्र मानदंड नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके बजाय, कर्मचारियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। फिलहाल, यह निर्णय केवल दिल्ली सरकार के कर्मचारियों पर लागू होता है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। यदि अन्य राज्यों और केंद्र सरकार ने भी इस फैसले पर विचार किया, तो संभव है कि पूरे देश में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की नीति में बदलाव देखने को मिले और ऐसा होना भी चाहिए। यह फैसला न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि समाज और सरकार के लिए भी लाभकारी हो सकता है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस होगा, और सरकार को उनका अनुभवी कर्मचारियों की सेवाएँ अधिक समय तक मिल सकेंगी। यदि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा दी जाती है, तो वे अधिक समय तक वेतन और अन्य भत्तों का लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सरकारी विभागों में वर्षों के अनुभव वाले कर्मचारियों की मौजूदगी प्रशासनिक निर्णयों में गुणवत्ता सुधारने में मदद करेगी। बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के कारण कर्मचारी लंबे समय तक स्वस्थ और कार्यक्षम बने रह सकते हैं, जिससे वे अधिक समय तक उत्पादक रहेंगे। यदि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा दी जाती है, तो सरकार को पेंशन देने का बोझ कुछ समय के लिए टल सकता है, जिससे सरकारी खजाने पर कम दबाव पड़ेगा। यद्यपि सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने के कई लाभ हैं, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। यदि वरिष्ठ कर्मचारी लंबे समय तक सेवा में बने रहते हैं, तो नई भर्तियों की संभावना कम हो सकती है, जिससे युवाओं को सरकारी नौकरी पाने में कठिनाई हो सकती है। रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने से अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रमोशन में देरी हो सकती है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष पैदा हो सकता है। कुछ मामलों में, बढ़ती उम्र के साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता में गिरावट आ सकती है, जिससे प्रशासनिक दक्षता प्रभावित हो सकती है।

कोई भी कर्मचारी स्वयं को सेवानिवृत्ति के लिए प्रस्तुत नहीं करेगा। क्योंकि सरकार ओल्ड पेंशन देती नहीं। सरकारी कर्मचारी एनपीएस या यूपीएस में नाममात्र पेंशन पाएगा। अतः वह नहीं चाहेगा कि वह कभी रिटायर हो। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर सरकार को एक संतुलित नीति अपनाने की आवश्यकता है। रिटायरमेंट आयु को पूरी तरह से बढ़ाने के बजाय, एक लचीली नीति बनाई जा सकती है। जो कर्मचारी जल्दी रिटायर होना चाहते हैं, उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के तहत प्रोत्साहित किया जा सकता है। कोई आयु सीमा निश्चित करने की अपेक्षा अधिकतम सेवा अवधि निश्चित की जानी चाहिए। जैसे कि 30 साल की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारी को सेवानिवृत्त किया जाए। सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने से पहले कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कार्य करने में सक्षम हैं। सेवानिवृत्ति आयु को तुरंत बढ़ाने के बजाय इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध रहें। दिल्ली हाईकोर्ट का यह फैसला निश्चित रूप से एक नई सोच की ओर संकेत करता है। भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, यह तर्कसंगत प्रतीत होता है कि सेवानिवृत्ति आयु पर पुनर्विचार किया जाए।

हालांकि, इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को भी ध्यान में रखते हुए सरकार को संतुलित और व्यावहारिक नीति बनानी होगी। एक लचीली सेवानिवृत्ति योजना, स्वास्थ्य परीक्षण और संक्रमणकालीन नीति के माध्यम से इस बदलाव को सुचारू रूप से लागू किया जा सकता है। भविष्य में यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस फैसले पर कैसे प्रतिक्रिया देती है और क्या यह निर्णय पूरे देश में सरकारी कर्मचारियों की सेवा अवधि बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



## कविता

**तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है लोग,**

तेरे नाम के आगे नाम लगा लेते है लोग,
ऐसे भी अपना काम बना लेते है लोग।

इतनी धूप, रोशनी है जमाने में यहाँ,
कैसे नकली चेहरे छुपा लेते है लोग।

फकीर विश्वास से चला पत्थरों पर,
पत्थरों मो भी पिघला लेते हैं लोग।

दिलों में कालिख है जिन लोगों के,
सफेदी का मुखौटा लगा लेते है लोग।

आज शहर में सुनहरा उजाला है रोशन
अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है लोग।

अब उन्हें पहचानना मुश्किल है संजीव,
हर चेहरों पर नये चेहरे लगा लेते हैं लोग।

संजीव

## जन सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह

**कुमार कृष्णन**

**बिहार** के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह को बिहार केसरी के नाम से भी जाना जाता है। अगर द्वितीय विश्वयुद्ध की अवधि को छोड़ दिया जाये तो 1937 से लेकर 1961 तक वे लगातार बिहार के मुख्यमंत्री बने रहे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा अनुग्रह नारायण सिन्हा के साथ वे भी आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में जाने जाते हैं। 21 अक्तूबर, 1887 को नवादा जिले के खनवाँ में जन्मे श्रीकृष्ण सिंह का पैतृक गांव मौजूदा शेखपुरा जिले में पड़ता है। 1921 से ही उन्होंने लगातार भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बिहार का नेतृत्व किया।आजादी के बाद बिहार के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बिहार केसरी डॉ. श्री कृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1887 ई. (तदनुसार कार्तिक शुक्ल पंचमी संवत 1941 वि.) को नवादा जिला के नरहट थाना अन्तर्गत खनवाँ ग्राम में हुआ था। बिहार भारत का पहला राज्य था, जहाँ सबसे पहले जमींदारी प्रथा का उन्मूलन उनके शासनकाल में हुआ। स्वतंत्रता-संग्राम के इस अग्रगण्य सेनानी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र एवं जन-सेवा के लिये समर्पित था। स्वाधीनता की प्राप्ति के बाद बिहार के नवनिर्माण के लिए उन्होंने जो कुछ किया उसके लिए बिहारवासी सदा उनके ऋणी रहेंगे। राजनीतिक जीवन के दुरुह संघर्ष में निरन्तर संलग्न रहने पर भी जिस स्वाभाविकता और गम्भीरता के साथ वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते थे,वह आज के युग मे अत्यन्त दुर्लभ है। सत्य और अहिंसा के सिद्धांत में उनकी आस्था अटल थी। अपनी अद्भुत कर्मठता,उदारता एवं प्रखर राजनीतिक सूझ-बूझ के धनी डॉ.श्रीकृष्ण सिंह सन् 1917 ई.में लेजिस्लेटिव कौंसिल और सन् 1934 ई.में केन्द्रीय एसेम्बली के सदस्य चुने गये। सन् 1931 ई. का भारतीय संविधान जब 1 अप्रैल 1937 से लागू हुआ तो डॉ.श्रीकृष्ण सिंह के प्रधानमंत्रित्व से ही बिहार में स्वायत्त शासन का श्रीगणेश हुआ। वे ही बिहार के एक ऐसे वरेण्य कालपुरुष थे जो जीवन की अंतिम घड़ी (31 जनवरी 1961) तक बिहार के मुख्यमंत्री के पद पर बने रहे।

उन्होंने इस राज्य का लगभग 15 वर्षों तक मुख्य मंत्री के रूप में सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था एवं इस राज्य के नव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। श्रीबाबू का जन्म अपने ननिहाल मुंगेर जिले के खनवा में 21 अक्टूबर 1887 को हुआ था। वैसे उनका पैतृक गाँव माउर (बरबीघा के पास) शेखपुरा जिले में आता है। जब वे मात्र पांच साल के थे तब उनकी माँ की मृत्यु प्लेग की वजह से हो गई थी।

## विचार

### कुंभ हादसा : बड़ा सवाल जिम्मेदार कौन?

**सुशील कुमार**

**संगम नगरी** प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को जो हुआ वह आसानी से भूले जाने वाला नहीं है। 45 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के पहले 16 दिनों ने जहां इसकी ऐतिहासिकता को और भव्य बनाया। वहीं 17वें दिन मची भगदड़ ने इस पर कभी न मिटने वाला दाग लगा दिया। घटना से पूर्व जहां आयोजन के प्रशंसा के कसीदे पढ़े जा रहे थे, वहीं अब जिसे देखो,वहीं अव्यवस्थाओं का रोना रोने में जुट गया है। बड़ा सवाल यह है कि ऐसी स्थिति बनी ही क्यों? इस पर विचार कर जवाब तलाशना बेहद जरूरी है। प्रबंधन में कमी थी या प्रबंधों को ही किनारे लगा दिया गया। हादसे के बाद चिंतन करने के लिए बड़े बड़े महानुभावों की एक लंबी फेहरिस्त तैयार है। जो आगामी कुंभ तक इस पर लंबी चर्चा करेंगे। इन चर्चाओं का फायदा क्या होगा, ये सब को पहले ही पता है। ऐसे में हमें इस हादसे पर चिंतन करने की कोई आवश्यकता नहीं है हमें तो बस इतना सोचना है कि हमारी इस आयोजन में क्या जिम्मेदारी थी और हमने क्या किया। जब इस बारे में सोचेंगे तो हादसे के बड़े सवाल का जवाब अपने आप मिल जायेगा। कुम्भ मेला भारत में आयोजित होने वाला भव्य और विशाल आयोजन है। इसमें करोड़ों श्रद्धालु हर 12वें वर्ष प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में से किसी एक स्थान पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। प्रत्येक 12वें वर्ष के अतिरिक्त प्रयागराज में दो कुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अन्तराल में अर्धकुंभ भी होता है। वर्तमान में जारी महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम स्थल पर आयोजित हो रहा है। महाकुंभ हर 144 वर्ष में आयोजित होता है। जो इस वर्ष 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुआ है। जो 26 फरवरी तक जारी रहेगा। चलिए अब हम भी अपने मस्तिष्क के घोड़े दौड़ाते हैं। 144 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कमतर नहीं रहा है। जानकारी अनुसार सरकार ने महाकुंभ मेला परिसर को राज्य का 76वां जिला घोषित किया हुआ है। लगभग चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र को 25 सेक्टर में बांट कुंभ नगरी स्थापित की गई है। 50 हजार से ज्यादा लोग सुरक्षा व्यवस्था को संभाले हुए हैं। ड्रोन और अककैमरे भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एआई युक्त कैमरे लोगों की गिनती करते रहते हैं। अगर किसी इलाके में 2 हजार लोगों के खड़े होने की जगह है तो 1,800 लोग होते ही संबंधित अफसर को जानकारी मिल रही है। 2,700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पानी के अंदर की सुरक्षा के लिए पहली बार नदी के अंदर 8 किलोमीटर तक डीप बैरिकेडिंग की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। 30 पुल बनाए गए हैं। इनमें 15 पुल संगम के नजदीक बनाए गए हैं। घाटों पर 10 हजार से अधिक चेंजिंग रूम हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी घाटों पर 300 से अधिक गोताखोर तैनात किए गए हैं। अब सोचने की बात यह है कि जब इतनी ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तो अव्यवस्था किस तरह बनीं। हर किसी का अपना विवेक है। मेरे अनुसार इस प्रश्न का जवाब हम सब हैं। भीड़तंत्र जहां प्रभावी होता है वहां सभी व्यवस्थाएं अव्यवस्थाएं बन जाती हैं। ट्रेनों में जगह नहीं है। रिजर्व डिब्बे सामान्य से भी बदतर हाल में हैं। जिसे देखो जहां जगह मिले,वहीं सिर पर झोला उठाए फंसा खड़ा है। निजी वाहनों के जमावड़े की तो चर्चा ही बेमानी है। रोड तो जाम होंगे ही जब धर्म की यात्रा को जो ट्रैवल टूर बनाकर छोड़ दिया है। हर एक चीज की सीमा होती है। सीमा को पार करोगे तो परेशानी तो उठानी ही होगी। मंच की क्षमता यदि 50 लोगों को संभालने की है तो 50 तक मंच सुरक्षित हैं। यदि उस पर दस से बीस गुना चढ़ने का प्रयास करेंगे तो हादसा तो होगा ही। यही प्रयाग में हो रहा है। हर पुल की एक क्षमता है, हर एक घाट की क्षमता है। हर व्यवस्था की एक क्षमता है। क्षमता का अक्षमता बनाया तो हमने ही है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांड़पाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

### सर्दियों में बालों की देखभाल - शहनाज हुसैन

सर्दियों में मौसम में ठंडक तथा खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते है। यह वही समय है जब हम घर की छत्त पर बैठकर धूप का आनन्द लेना चाहते है। इस मौसम में हम स्नान तथा बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते है। जिससे बाल खुश्क हो जाते है। वातावरण में आर्द्रता की कमी की वजह से बालों तथा खोपड़ी से आर्द्रता वातावरण में चली जाती है। इसी मौसम में सूर्य की गर्मी तथा गर्म पानीके प्रयोग से शरीर में खुश्की आती है।

इस मौसम में बाल खुश्क हो जाने की वजह से उनका ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। सर्दियों में नहाने के लिए हलके गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने का परहेज करें / गर्म पानी से नहाना आरामदायक हो सकता है लेकिन गर्म पानी आपके बालों की नमी सोख लेता है जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है / गर्म पानी बालों से प्रकृतिक तेल सोख लेता है जिससे बाल शुष्क हो सकते हैं और रुसी , स्कैल्प में खुजली की समस्या खड़ी हो सकती है / ठण्डे और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम और चमकदार बने रहते हैं /सर्दियों में बालों को सूखने के लिए ब्लो ड्रायर आदि गर्म उपकरणों के प्रयोग से परहेज करें क्योंकि यह बालों की नमी को सोख लेते हैं तथा बाल ज्यादा शुष्क हो जाते हैं और उनके टूटने का खतरा बढ़ जाता है / बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें / यदि हीट स्टाइलिंग उपकरणों का उपयोग करना चाहते हैं तो उन्हें बालों से पर्याप्त दूरी पर रखें और हीट फ्री स्टाइलिंग मेथड्स का उपयोग करें /

सर्दियों में ऐसे शैम्पू और कंडीशनर्स का उपयोग करें जोकि बालों को नमी प्रदान करते हों / इन उत्पादों में एलो वेरा , शिया बटर ,और केराटिन आदि की मदद से बालों को पौषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी / सर्दियों में लाइट वेट हाई ड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम और कोमल बनेंगे।

### सर्विस टाइम में किया भ्रष्टाचार, रिटायरमेंट बाद जिंदगी लाचार

**किशन सनमुखदास**

**वर्ष** 1957 में प्रदर्शित फिल्म चंडीपूजा का रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप द्वारा लिखा गीत, कोई लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई, जरा समझो इसकी सच्चाई रे, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई यह गीत आज हर शासकीय कर्मचारी, युवा वर्ग और भ्रष्टाचार रूपी मीठी मिठाई खाने वालों को जरूर सुनना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार एक ऐसा बीज है, जो हमेशा उसे बोने के लिए ललचाता है, खुद हर किसी के शरीर में जाकर पनपने को लालायित रहता है ताकि अपनी जड़ें जमा कर अपने शिकार को वर्तमान सहित उसके रिटायरमेंट के बाद अधिक सुविधा और शुद्धता से अपना निवाला बना सके।उसकी जिंदगी नर्क करे। परंतु हम मनीषजीव उसकी इस चाल को समझ नहीं पाते और आधुनिक सुख- सुविधाओं, अपने क्षमताओं से अधिक सुख भोगने, समाज में दिखावा करके, एंजॉयमेंट रसों लोगों का स्वाद चखने, अपनी अपनी जिंदगी जरूरत से अधिक सुगम बनाने के लिए, भ्रष्टाचार रूपी खतरनाक बीज के झांसे में आकर उसे अपनाते है अपने शरीर में उससे खरीदी वस्तुओं का उपभोग कर अपने खून में उसे घोलते हैं, जिससे उस बीज को शरीर में फलने फूलने का आश्रय और विकास करने की क्षमता प्रदान करतें है, जिसका भुगतान भ्रष्टाचारी को खुद और अपने परिवार सहित अपने कुल को चक्रवर्ती ब्याज सहित भुगतान करना पड़ता है,जिसे हम सब अपने आसपास और समाज में देखते भी हैं कि किस तरह ऐसे लोग हमेशा विवादों में तकलीफों में बीमारियों के घेरे में रहते हैं, उनके परिवार हमेशा विपत्तियों के घेरे में रहते हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव में नोटों के पहाड़ डहने लगते हैं जिसका उदाहरण हम तीन दिन पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कांस्टेबल सौरभ शर्मा और अन्य से जुड़े बैंक खातों में 30 लाख रुपये की शेष राशि को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा, एजेंसी ने 12 लाख रुपये की अघोषित नकदी, 9.9 किलोग्राम चांदी (जिसकी कीमत लगभग 9.17 लाख रुपये है)।

## न्यूज फ्लैश

### मंदिर से गहने और कपड़े चोरी, शीशा हटाकर अंदर घुसे चोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कुंजपुरा क्षेत्र** के गांव सरफाबाद में देवी माता के मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर मंदिर का शीशा हटाकर अंदर घुसे और माता के गहने चोरी कर फरार हो गए। मंदिर का पुजारी महाकुंभ में स्नान करने के लिए गया हुआ है। उनकी जगह पर दूसरा पुजारी मंदिर की देखरेख कर रहा था। ग्रामीणों ने सुबह मंदिर का शीशा हटा देखा और ताले टूटे देखे। मंदिर में चोरी की वारदात की घटना गांव में आग की तरफ फैल गई। ग्रामीणों ने चोरी की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण राजेंद्र ने बताया कि मंदिर का पुजारी महाकुंभ में स्नान करने के लिए गया हुआ है। वह रात को भी मंदिर में सोता था, उनके स्थान पर दूसरा पुजारी बलबीर सिंह मंदिर की देखरेख कर रहा था। वह सुबह.शाम ही मंदिर में आता था। गुरुवार को मंदिर में श्रद्धालु मत्था टेकने के लिए पहुंचेए तो वहां पर ताले टूटे हुए थे और स्टोर रूम का सामान भी बिखरा पड़ा था। चोरों ने माता के गहने भी चोरी किए हुए थे और स्टोर रूम से ट्रंक का ताला तोडकर कपड़े भी चुराए हुए थे। राजेंद्र ने बताया कि करीब डेढ़ लाख के गहने चोरी हुए है। मामले की शिकायत पुलिस को दे दी गई है। कुंजपुरा थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### जम्मू के 4 श्रद्धालुओं के साथ हादसा, तेज रफ्तार बोलेरो पलट

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। कस्बा तरावड़ी में वीरवार को प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो अचानक हाईवे पर पलट गई। हादसा ड्राइवर को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ, जिस कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। बोलेरो पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सडक किनारे लगे खंभे जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे के दौरान हाईवे पर हडकंप मच गया। इस हादसे में चार श्रद्धालु घायल हो गए। श्रद्धालु रामेश्वर ने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद 29 जनवरी को जम्मू के लिए रवाना हुए थे। सफर के दौरान ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और फिर हाईवे पर पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को गाड़ी से बाहर निकाल लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ईआरवी इंचार्ज ने बताया कि उन्हें हाईवे पर एक बोलेरो के पलटने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त गाड़ी को हाईवे से हटवाया, ताकि ट्रैफिक प्रभावित न हो और किसी अन्य दुर्घटना की आशंका खत्म हो सके। तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि यदि किसी व्यक्ति की तरफ से कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### ऑनलाइन पैसों की धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें

**पानीपत ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। इस प्रकार के साइबर अपराधियों से बच कर रहें। क्योकि आज का युग रिकॉर्डिंग व स्क्रीन शार्ट का है अगर किसी से भी कोई बात करते हो तो सोच समझकर करें।

# समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान तय: नगराधीश टीनू पोसवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह ने प्रदेश भर में हर वर्ग की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने को लेकर हर जिले व उपमंडल में सवेरे 10 बजे से 12 बजे तक का समय आम नागरिक की समस्याओं के निदान के लिए निर्धारित किया हुआ है। इसमें सभी विभागों के अधिकारी सभागार में उपस्थित आम जन की समस्याओं की सुनवाई करते हैं व तत्काल उसका समाधान करते हैं। मुख्य मंत्री द्वारा निर्धारित किये गये ये 2 घंटे जनता के लिए सोने (गोल्ड) के बराबर है। इन दो घंटों में हर विभाग के अधिकारी आम जन की समस्याओं को पूरे उत्साह के साथ सुनते हैं व मौके पर उनका समाधान करते हैं। गुरूवार को समाधान शिविर की



अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने कहा कि अधिकारी संयम व उनकी काम कराने की शैली से ही जरूरतमंद लागों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान हो रहा है। सचिवालय सभागार में शहीदों की स्मृति में अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन करके श्रद्धांजली दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार से रोजाना अधिकारियों के सहयोग से आम जन की समस्याओं का निदान हो रहा है उसका असर धरातल पर दिखाई देने लग गया है। धीरे -धीरे आम जन द्वारा प्रस्तुति की जा रही समस्याओं में कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में ज्यादातर वहीं लोग समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं जिनका प्रशासन व शासन पर पूरा भरोसा है। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि एक -एक व्यक्ति की समस्या का समाधान शिविर में समाधान होगा। इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं होगी। शिकायत कर्ता को बस संयम बरतना होगा। उन्हों कहा कि समाधान शिविर में जो लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुचं रहे हैं उनका इसका भरपुर लाभ मिल रहा है। प्रार्थी रामरति वासी अर्जन नगर ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष प्रार्थना की कि उनके पत्ति का देहांत हो चुका है। मेरे पति के खाते में जो राशि है वह उससे निकलवाना चाहती है। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से सहयोग की अपील की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एलडीएम को इस मामले का अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## कैरियर एडवांसमेंट इन कैमिक्ल साइंस विषय हुआ राष्ट्रीय सेमिनार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आर्य कॉलेज के रसायन** विभाग के तत्वावधान में कैरियर एडवांसमेंट इन कैमिक्ल साइंस विषय हुआ राष्ट्रीय सेमिनार करवाया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाडी के प्रो. कर्ण ने शिरकत की। कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. कर्ण सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रसायन विज्ञान में कैरियर बनाने वाले युवाओं के लिए नए रोजगार व खोज के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं जो भारत देश को विकसीत बनाने में सहायक हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में किचन में खाना बनाने से लेकर दवाइयां, कपडे, प्लासटिक, सेरेमिक, पेंट, पोलीमर, चिकित्सा और स्वास्थ्य, प्रयावर्ण, उर्जा उत्पादन व शिक्षा और अनुसंधान में विभिन्न अवसरों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि रसायन विज्ञान नए-नए स्टार्ट अप व नई शिक्षा नीति के तहत स्किल सीखने के अवसर पर प्रदान करता है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध थाना** क्षेत्र में एक दर्दनाक सडक हादसे में 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसको ट्रैक्टर ने टक्कर मारी थी। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ट्रैक्टर ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। असंध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गगसीना निवासी सुरेश कुमार खेती.बाड़ी करता था। रात करीब 8.50 बजे वह अपने गांव के ही रविंद्र सिंह के साथ ट्रैक्टर में रेता उतारने के लिए गुल्लरपुर गांव में गया था।

## सलूजा को कार्यालय पहुंच मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**मुख्य मंत्री नायाब** सिंह सैनी बिना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लघु सचिवालय स्थित केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सांसदीय कार्यालय पहुंचे। वहां पहुंचने पर मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बुके दे कर तथा शाल ओढ़कर मुख्य मंत्री नायाब सिंह सैनी का स्वागत किया।साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने भी शाल ओढ़कर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री राव नरवीर,जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट,विधायक प्रमोद विज, उपायुक्त वीरेंद्र दहिया पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह प्रदीप उपाध्याय,पंडित पंकज शर्मा, जतिन झोंका,,अंकित रावल,विकास वैद्य,



नीरज राणा, रविन्द्र कश्यप,मालती अरोड़ा तुषार खरबंदा,ध्यान सिंह राणा अशोक गुप्ता एवं ईश राणा मौजूद रहे। मुख्य मंत्री नायाब सैनी ने गजेंद्र सलूजा को शुभ कामनाएं दी। सैनी ने शुभ कामनाएं संदेश में कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से जनता की सरकार की नीतियां तथा योजनाओं को जानकारी हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें बिना भेदभाव के जनता की सेवा कर रही है । साढ़े पांच सौ अधिक सेवाएं आन लाइन कर आम जन को स्वच्छ शासन प्रदान कर रही है।बिना खर्ची पर्ची नौकरियां देकर पारदर्शिता तथा ईमानदारी की नई मिशाल कायम की है। मुख्य मंत्री में कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां तथा योजनाओं का लाभ भी इस कार्यालय के माध्यम से मिल रही है।उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यालय के माध्यम से लगातार जनता के संपर्क में रहते है। गजेंद्र सलूजा ने मुख्य मंत्री को कार्यालय की कार्य प्रणाली की जानकारी दी। गजेन्द्र सलूजा बताया कि सभी आगंतुकों को केंद्र सरकार से संबंधित कार्यों को दिल्ली कार्यालय से ताल मेल कर हल करवाया जाता है। सांसद निधि से होने वाले कामों के बारे भी सरपंचों, स्थानीय निकाय जनप्रतिनिधियों एवं गण मान्य व्यक्तियों से विचार विमर्श किया।

## आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले** में आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन की जिला कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद यूनियन की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड? को मजबूर होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही यूनियन की जिला सचिव बिजनेश राणा ने बताया कि नई पोषण ट्रैकर ऐप के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स और लाभार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लाभार्थी या तो अनपढ़ हैं या उनके पास स्मार्टफोन नहीं है। ऐसे में वे ओटीपी साझा नहीं कर पाते हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी के डर से भी कई लोग ओटीपी देने से इनकार कर देते हैं।

इस वजह से ऐप के जरिए सही ढंग से काम करना मुश्किल हो गया है, इसलिए इस ऐप को तुरंत बंद किया जाए।

यूनियन ने यह भी मांग कीए कि सभी वर्करों और हेल्परों को स्थायी किया जाए और उनका न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए निर्धारित किया जाए।

## कुरुक्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए छात्रों को निभानी होगी ब्रांड अंबेसडर की भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र 30 जनवरी। जिला** नगर आयुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए विद्यार्थियों को ब्रांड अंबेसडर की भूमिका निभानी होगी। इस शहर के हर विद्यार्थी को अपना घर समझकर शहर को स्वच्छ रखना होगा। इतना ही नहीं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करना होगा। डीएमसी पंकज सेतिया वीरवार को रेलवे रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर स्कूल में नगर परिषद के तत्वाधान में



आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले डीएमसी पंकज सेतिया,ईओ अभय यादव, स्कूल प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक रोसा, प्रिंसिपल अनिल मदान ने मां भारती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया और विधिवत रूप से दीप शिखा प्रज्वलित करके स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वच्छता को लेकर सटीक जवाब देने वाले विद्यार्थियों को नगर परिषद की तरफ से डीएमसी पंकज सेतिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। डीएमसी पंकज सेतिया ने कहा कि स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2.0 के तहत कुरुक्षेत्र शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयास किए जा रहे है। इन प्रयासों में युवा पीढ़ी की अहम भूमिका रहने वाली है। इसके लिए युवा पीढ़ी को स्वच्छता अभियान के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा होना पड़ेगा। इसके लिए सबसे पहले विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा और अपनी मानसिकता में बदलाव लाकर अपने घर से अभियान को शुरू करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करने, प्लास्टिक और पॉलिथीन का प्रयोग ना करने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सभी को संकल्प लेना होगा कि कोई भी विद्यार्थी प्लास्टिक और पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करेगा और ना ही अपने आस-पास व दोस्तों को इसका प्रयोग करने देगा।

## सिरसला में नवीन संकल्प शिविरों का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद नवीन** जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने नवीन जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित किये जा रहे नवीन संकल्प शिविरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नवीन संकल्प शिविरों के आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक सिद्व हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए तमाम तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद की जाती है। इन शिविरों के अंतर्गत नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति योजना की जानकारी के साथ-साथ मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम परामर्श, दवाईयां और टेस्ट के इलावा स्वस्थ



रहने के लिए खान-पान संबंधित आदतों के बारे में भी जागरूक करने का काम करती है। नवीन संकल्प शिविरों की इस कड़ी में आज थानेसर हल्के के कसेरला और सिरसला में शिविर आयोजित किये गये। इसके बारे विस्तृत जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के अखिल कुमार ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

आज दोनों गांवों में 41 लोगों के कागजों में पाई गई त्रुटियों को दूर करने के साथ ही सांसद जिन्दल की ओर से आरंभ की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी भी दी गई। इन दोनों शिविरों में 107 लोगों को डॉक्टरों ने परामर्श देकर नि:शुल्क दवाईयां दी जबकि 33 लोगों के रक्त व युरिन के टेस्ट भी किये गये। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में काफी समय से नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में सरकारी योजनाओं से संबंधित कागजों को दुरूस्त करने का कार्य नि:शुल्क किया जाता है। जिला प्रशासन के संबंधित कर्मचारी, पंचायत सदस्य, स्थानीय लोग, नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य और मोबाइल मेडिकल युनिट टीम द्वारा ग्रामीणों की कागजात संबंधित आम समस्याओं व स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं का मिलकर समाधान किया जाता है।

## निशुल्क नेत्र ऑपरेशन कैंप का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पानीपत में आंखों की रोशनी सबको मिले इसके लिए सारे पानीपत को एकजुट होना पड़ेगा उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं एवं सुप्रसिद्ध विचारक राजेश गोयल ने कहे। अभी पुरबिया घाटी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर जिओ गीता पानीपत आई वांट सबको रोशनी फाउंडेशन के स्विफ्ट तत्वावधान में आयोजित निशुल्क नेत्र ऑपरेशन कैंप में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि नेत्र शिवर लगाना एक प्रारंभिक दौर है आज समाज में यह गहन आवश्यकता है। कि जो लोग बिल्कुल नहीं देख पा रहे हैं उनके लिए सारा पानीपत मिलजुल कर एक साथ विचार करें पानीपत के विधायक



श्री प्रमोद विज ने कहा कि की सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर ही पानीपत की हर आंख को रोशन कर सकते हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध आयातक राजेश गर्ग ने कहा की पानीपत की धरती पुण्य और सेवा कर्म की धरती है हम सब मिलकर यह रोशनी धरती पर ला सकते हैं।

सबको रोशनी फाउंडेशन के अध्यक्ष सतबीर गोयल एवं कैंप संयोजक मेघराज गुप्ता ने कहा की जो लोग नियमित रूप से आंखों की जांच नहीं करवा पा रहे हैं एवं उन्हें पता ही नहीं है कि उनकी आंखें किस रोग से ग्रसित हैं यह कैंप उनके लिए भी लाभकारी है जिओ गीता पानीपत के विभु पालीवाल एवं अंकुश बंसल ने कहा की लगभग 450 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच इस कैंप में कार्रवाई उन्होंने कहा कि एक हफ्ते में है इन मरीजों के ऑपरेशन के पश्चात प्रयास किया जा रहा है कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद जी महाराज की पवन उपस्थिति में इन सब मरीजों को दृष्टि आशीर्वाद दिलवाया जाए। सबको रोशनी फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक विकास गोयल ने कहा की लगभग 50 मरीजों की सर्जरी इस कैंप के माध्यम से की जा रही है जो के पर आवश्यकता यह है कि पानीपत के जिस घर में भी मोतियाबिंद का रोजी हो उसे हम रोशनी प्रदान करें कैंप के संचालन की व्यवस्था नवीन वर्मा ने संभाली।

## राष्ट्रपिता गाँधी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता को भावपूर्ण और विनम्र श्रधान्जली दी गई और इस दिन को राष्ट्रीय सदभावना दिवस के रूप में श्रद्धा और विनम्रता के साथ मनाया गया । कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी और अन्य प्राध्यापकों ने भाग लिया । इस अवसर पर लगभग 100 एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांधी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये । युवा कार्यकताओं ने साम्प्रदायिक सदभावना की शपथ ली और फिर




कॉलेज में साफ-सफाई कर गाँधी जी के आह्वान को सफल बनाने की पहल की । कार्यक्रम के अंत में ह्यएकता और अखंडताह्न का भाव लिए एवं सामाजिक समरसता से औतप्रौत युवा स्वयंसेवकों ने रैली निकाली और समाज में शान्ति और भाईचारे का सन्देश दिया । डॉ राकेश गर्ग ने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी ने सत्य और अहिंसा के सहारे विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाया । ऐसे महापुरुष आज भी हम सभी के लिए अनुसरणीय है । गांधी जी चाहते थे कि भारत में एक समाज का निर्माण हो जहां सभी लोग बराबर हो और किसी के बीच किसी भी प्रकार का कोई मतभेद न हो । आज हम गांधी जी के विचारों को आत्मसात करके अपने भविष्य को संवार सकते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं । आज के विशेष दिन हमें यह शपथ लेनी चाहिए कि हम सदैव उनके विचारों को अपने जीवन में उतार कर सफलता प्राप्त करेंगे और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे । गांधी जी केवल युवाओं के लिए ही प्रेरणाश्रोत नहीं थे बल्कि दुनिया भर के महान व्यक्तित्वों के लिए भी मार्गदर्शक बने । मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, जेम्स लॉसन, अल्बर्ट आईन्स्टीन जैसे कितने ही व्यक्तित्व महात्मा गांधी के विचारों के कायल हुए । गांधीजी हमेशा कहते थे कि ह्यधैर्य की एक बूँद लाखों उपदेशों से अधिक मूल्यवान है। डॉ संतोष कुमारी ने कहा कि 30 जनवरी का शहीद दिवस महात्मा गांधी को समर्पित है । देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि मनाई जाती है । देश को आजादी दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले गांधी जी के निधन के बाद उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

का दूसरा शहीद दिवस हम सभी मार्च माह में मनाते हैं । 23 मार्च को अमर शहीद दिवस मनाया जाता है। असल में 23 मार्च 1931 को आजादी की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दी गई थी।

## मॉडल टाउन, पानीपत में व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु करियर वार्ता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश भर में 31 जनवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी विनीता की अध्यक्षता में वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, पानीपत में व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु करियर वार्ता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कुमारी विनीता ने विद्यार्थियों को लोक सेवाएं क्या होती हैं एवं इनकी तैयारी कैसे की




जाती है, के बारे में जागरूक किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी कुमारी विनीता ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोक सेवाएं क्या होती हैं और इसमें कौन - कौन सी सेवाएं आती हैं इस परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षार्थी की क्या योग्यता होनी चाहिए। परीक्षा का एग्जाम पैटर्न ० एक परीक्षार्थी इस परीक्षा को कितनी बार दे सकता है, के बारे में चर्चा की।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध खनन करने वालो के खिलाफ की जाएगी सख्त कारवाई- उपायुक्त डा0 मनोज कुमार

**सानीपत।** उपायुक्त डा0 मनोज कुमार ने बताया कि खनन विभाग की टीम ने बुधवार को गांव पबनेंरा, बेगा, चन्दौली व आस-पास के गॉवो के साथ लगती यमुना नदी के अवैध खनन के संबध में निरिक्षण किया गया उपायुक्त महोदय ने बताया कि अवैध खनन करना एक कानूनी जुर्म है। जिसमें पकड़े जाने पर भारी भरकम जुमार्ना व सजा का भी प्रावधान है। निरिक्षण के दौरान जिला खनन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि माह जनवरी में 12 वाहनों को अवैध खनन के संबध में पकड़ा गया है। जिनमें से 8 वाहनों को कुल 25,79,300/- रूप्ये जुमार्ना राशि वसूलने उपरान्त ही छोड़ा गया है। 4 व्यक्तियों/वाहन मालिकों/फर्म पर मुकदमें भी दर्ज करवाए गए। भविष्य में भी अवैध खनन से जुडे लोगों पर इसी प्रकार से प्रहार जारी रहेगा। निरिक्षण के दौरान पबनेरा गांव के सरपंच प्रतिनिधि सूरजभान व अन्य ग्रामीण मौजुद रहें।

### जिला कर बार एसोसिएशन की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**सोनीपत: जिला** कर बार एसोसिएशन की बैठक मुरथल रोड स्थित निजी कैफे में हुई। बैठक आयकर, जीएसटी और प्रवेश कर से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। अध्यक्ष सीए महेश नागपाल ने कहा कि बैठक का उद्देश्य जीएसटी प्रावधानों को लागू करने में व्यापारियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करना है। बार के सदस्यों ने इस बात पर भी चर्चा की कि हरियाणा सरकार की नई एकमुश्त निपटान योजना का अधिकतम लाभ व्यापार को मिले। महासचिव एडवोकेट अरविंद मित्तल ने कहा कि बार नियमित रूप से व्यापार को सुविधाजनक बनाने और दिन-प्रतिदिन के व्यापार संचालन को आसान बनाने के लिए ऐसी बैठकों का आयोजन करता रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि करदाताओं और व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए और अधिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। पच्चीस सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार सांझा करते हुए बैठक में भाग लिया। इस दौरान अधिवक्ता सुभाष पृथ्वी-अधिवक्ता महेश गोस्वामी, तुलसी बत्रा, संजीव चौधरी, विकास, पृथ्वी, रजत भाटला, समीर पापनेजा, भूषण लूथरा, पंकज चंदना, प्रवीन सहित अन्य मौजूद रहे।

### साइकिल चलाओ प्रदूषण भगाओ अभियान

**सोनीपत:** अपना जंक्शन फाउंडेशन द्वारा अधिकृत जिन स्कूलों में बच्चों के लिए बाइक, स्कूटी बैन किया गया है। उन स्कूल में पूरा साल साइकिल पर आने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया जा रहा है। गीता विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 5 छात्रों को सम्मानित किया गया है जिनमें मुकुल, दीपांशु,चेतन, दीपक,गौतम शामिल रहे। प्रिंसिपल डॉ कविता ने सभी छात्रों को बधाई दी और मां-बाप को धन्यवाद दिया। जिन्होंने बच्चों को सही राह दिखाई। अरुण मलिक ने बाल विकास अभियान द्वारा सभी छात्रों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने साइकिल चलाओ प्रदूषण भगाओ अभियान पर जोर देते हुए बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए सभी को मिलकर अभियान में शामिल होना चाहिए। और अपने शहर में साइकिल का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए।

### स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत को लेकर निकाली जागरुक यात्रा

**खरखौदा:** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द के छात्रों ने प्रदूषण रोकने और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक जागरूक यात्रा का आयोजन किया।जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था।

# देश की प्राचीनतम पवित्र सरस्वती नदी थी, सरस्वती नदी है और हमेशा बहती रहेगी: भारत

## इस पवित्र नदी के किनारे ही पूरे विश्व को शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसलिए भारत को विश्व गुरु कहा गया था

**विश्व गुरू**

▶▶ भारत आज भी विश्व गुरु है और हमेशा विश्व गुरु रहेगा : ओएसडी भारत भूषण भारती




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि पवित्र एवं प्राचीनतम सरस्वती नदी लाखों वर्षों से भारत की धरा पर सरस्वती नदी थी, सरस्वती नदी है और सरस्वती नदी हमेशा बहती रहेगी। इस पवित्र नदी के किनारे ही पूरे विश्व को शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसलिए भारत को विश्व गुरु कहा गया था। उनका मानना है कि भारत आज भी विश्व गुरु है और हमेशा विश्व गुरु रहेगा। ओएसडी भारत भूषण भारती वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड व विश्वविद्यालय सरस्वती शोध संस्थान के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले ओएसडी भारत भूषण भारती, बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, बोर्ड के सीईओ कुमार सुप्रवीण, उपायुक्त नेहा सिंह, कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति करतार सिंह धीमान, वाईस चेयरमैन एसके गखड़, शोध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एआर चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, अतिरिक्त निदेशक एके गुप्ता, एसई अरविंद कौशिक ने दीप शिखा प्रज्जवलित करके 1 फरवरी तक चलने वाली राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ किया। इस दौरान ओएसडी भारत भूषण भारती ने सरस्वती नदी का सनातन काल से सभ्यता और संस्कृति विजन पर एक पत्रिका का विमोचन भी किया। इस दौरान पुरातत्व विभाग की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। ओएसडी भारत भूषण भारती ने महान व्यक्तित्व मोरोपंथ पिंगले, पदमश्री दर्शन लाल जैन जैसे लोगों द्वारा पवित्र नदी सरस्वती और भारतीय इतिहास और सभ्यता पर किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की स्थापना की गई। इस बोर्ड ने वर्ष 2015 से वर्ष 2025 तक 10 साल के सुनहरे कार्यकाल में पवित्र सरस्वती नदी पर शोध किया गया और इस नदी के किनारे पर्यटन और धार्मिक स्थलों को विकसित करने का कार्य किया गया। इस कार्यकाल में ही वैज्ञानिक दृष्टि से साबित किया गया कि सरस्वती नदी प्राचीन काल से थी है और हमेशा रहेगी। उन्होंने कहा कि विश्व भर के वैज्ञानिकों और लोगों का यह भ्रम भी टूट चुका है कि सरस्वती नदी कभी नहीं थी, लेकिन वैज्ञानिकों ने तथ्यों के आधार पर साबित कर दिया है कि लाखों वर्ष पुरानी सरस्वती नदी आज भी धरा पर विराजमान है।

पुरातत्व विभाग ने भी अपनी खोज में कुनाल, राखीगढ़ी जैसे पुरातात्विक स्थलों को पवित्र सरस्वती नदी के साथ जोड़ा गया है। यह तथ्य आज पूरे विश्व के सामने है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही पवित्र सरस्वती नदी पर निरंतर शोध, विकास और पर्यटन के क्षेत्र के लिए कार्य किए जा रहे है।

# तेज रफ्तार टेम्पो ने दंपति को चपेट में लिया, महिला की मौत

**रफ्तार का कहर**

▶▶ हादसे में घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गढ़ी-बिंदरौली सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार टैंम्पू ने दंपति को चपेट में ले लिया। हादसे में घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला के पति का उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने टैम्पू चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। विशाल एंक्लेव बवाना रोड नरेला दिल्ली निवासी राजेश ने बताया कि वह कपड़े का व्यापारी है। उसका पिता रमेश अपने दो-पहिया वाहन पर मेरी मां सुमन देवी के साथ अपने गांव मोई-माजरी गया था। उसके बाद वह नहरों के बीच से होता हुआ गढ़ी-बिंदरौली सड़क मार्ग पर पहुंचा। जहां तेज रफ्तार टेम्पो ने उन्हें चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक टेंपो के नीचे फंस गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपित टेंपो चालक मौके से भाग गया। राहगीरों ने दोनों को संभाला। मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल-112 की गाड़ी ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी पत्नी सुमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रमेश को गंभीर हालत के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जबकि परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्वजन रमेश को शहर के निजी अस्पताल में ले गए। थाना कुंडली पुलिस ने दंपती के बेटे राजेश की शिकायत पर आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर वीर शहीदों एवं बलिदानियों को मौन रखकर अर्पित की श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि एवं हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लघु सचिवालय सभागार में जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने एसडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन रखकर देश के ज्ञात-अज्ञात वीर शहीदों एवं बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

एसडीएम अमित कुमार ने इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों से महात्मा गांधी के बताए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा की सीख दी, उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि वीर बलिदानियों के जीवन से सीख लेकर सभी देश के विकास में सहयोगी बने ताकि हमारा देश हमारी वीर बलिदानियों के सपना का भारत बन सके। इस मौके पर डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, पंचायती विभाग से एक्सईएन कुलबीर फौगाट सहित लघु सचिवालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संतोष शर्मा ने जिला कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

**जिम्मेदारी**

▶▶ संतोष शर्मा को लंबा प्रशासनिक अनुभव है तथा उन्होंने कई वर्षों तक विभिन्न विद्यालयों अपनी सेवाएं दी हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पलवल की प्राचार्या संतोष शर्मा ने जिला कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, बीईओ हरदीप कौर, जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं हसला जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक, चैयरमैन सतबीर कौशिक, अतुल शर्मा, अध्यापक संघ के जिला प्रधान वीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान डॉ दिनेश यादव, प्राचार्या कमल बत्रा, सुरेंद्र भट्टी, विजेंदर शर्मा, अली शेर, रविदत्त, अश्वनी कौशिक, नरेश गर्ग, डॉ सुनील कौशिक, गौतम दत्त, मुकेश शर्मा, संदीप तंवर तथा विभिन्न विद्यालय मुखिया तथा प्राध्यापकों ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा को बधाई देते हुए कहां कि संतोष शर्मा को लंबा प्रशासनिक अनुभव है तथा उन्होंने कई वर्षों तक विभिन्न विद्यालयों में बतौर प्राचार्य एवं वर्ष 2020 से खंड शिक्षा अधिकारी थानेसर, उपजिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना संयोजक तथा डायट प्राचार्य के पद पर पूर्ण निष्ठा एवं मेहनत से कार्य किया है। उन्होंने कुरुक्षेत्र ही नहीं अपितु संपूर्ण हरियाणा में बेहतरीन कार्य किया है। हसला के चैयरमैन सतबीर कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता की बात हो या विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन की बात हो नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी कार्यों को सुव्यवस्थित तथा संयोजित रूप से बेहतरीन कार्य किया है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने कहा कि नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा सभी के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करने में विश्वास रखती हैं।

# नई पेंशन योजना के विरोध में अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की सरकार की नई पेंशन योजना के विरोध में अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा ने बताया कि अध्यापकों ने काली पट्टी पहनकर नई पेंशन योजना का कड़ा विरोध किया है। अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी भी की।



उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकों ने काला दिवस मनाया है। कालड़ा ने कहा कि सरकार को अध्यापकों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमें तेज आंदोलन की राह को पकड़ना होगा। मौके पर मौजूद अध्यापकों ने यह भी कहा कि पुरानी पेंशन योजना हमारा कानूनी अधिकार है और हम इसे हासिल करने के लिए संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर नरेश कुमार, अनिल कुमार, प्रियंका शर्मा, मनोज कुमार तुर्क, संजीव कुमार, प्रियंका शर्मा, आराधना गोयल, साक्षी, संतोष, रंजना डीपी, रेनू कौशिक, अमृत कौर, पवन कुमार, दविंदर कुमार, योगेश कुमार, गुरप्रीत सिंह, रितु वर्मा, मंजू, सुमन कुमारी, मोनी कुमारी, मोनिका, मीसा बंसल, गीता, सुनैना, ज्योति, विना दुआ, अमिता चुग, पूजा, उदय राम, अशोक कुमार, डा. विजेंद्र सिंह, अनुराधा वर्मा, सुनीता कुमारी, रेनू बाला, आदि मौजूद रहे।

**काला दिवस**

▶▶ अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकों ने काला दिवस मनाया

# जन सहयोग संस्था ने अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पिहोवा में लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पेहवा :** शहर की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा पिहोवा में सरस्वती महोत्सव के पर्व पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 35 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष अंगूरी लाल ने बताया कि यह शिविर 29 जनवरी से 4 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम के 3 बजे तक रोज चलेगा। संस्था इस से पहले गीता महोत्सव में भी रक्तदान शिविर लगा कर रिकॉर्ड रक्त एकत्रित कर चुकी है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने सरस्वती महोत्सव पर भी इस तरह से रक्तदान शिविर लगाएं। इस मुहिम में श्री बाला जी वानर सेवा समिति पिहोवा व केमिस्ट एसोसिएशन पिहोवा भी अपना भरपूर सहयोग दे रही है। रक्तदान शिविर में कई युवाओ ने हिस्सा लिया व रक्त केंद्र नागरिक हस्पताल से रक्त एकत्रित करने के लिए टीम पहुंची। इस मौके पर संस्था से नितेश मंगल जी,मिथुन समाना,अंगूरी लाल व श्री बाला जी वानर सेवा समिति से नरेंद्र शर्मा जी, केमिस्ट एसोसिएशन से संजीव मित्तल, संदीप मित्तल जी मौजूद रहे।



# सेफ इंडिया ने छात्रों को बांटी जर्सी व जूते

**सोनीपत:** संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने समाज के लोगों के सहयोग से सोनीपत में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गढ़ी घसीटा के कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों (छात्र व छात्राओं) को जर्सी वितरित की। संस्था के चेयरमेन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा इस अभियान के तहत सोनीपत शहर के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के छात्रों को जर्सी व जूते वितरण किए जाएंगे, क्योंकि सरकारी स्कूलों में ज्यादातर जरूरतमंद परिवारों के बच्चे ही पढ़ते हैं, उन्होंने बताया कि अब तक सेक्टर 15 प्राइमरी स्कूल, मॉडल टाउन प्राइमरी स्कूल, राजेंद्र नगर प्राइमरी स्कूल व बधिर बच्चों के स्कूल में करीब 915 से ज्यादा बच्चों को जूते, जुराब व जर्सी का वितरण हो चुका है।

# अनिल वर्मा को भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** समाज सेवा को समर्पित नगर की उत्थान सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और भाजपा के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा को उनके द्वारा की जा रही जन-कल्याण और समाज - उत्थान की कोशिशों को सम्मान देते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रदान किए गए प्रशंसा पत्र पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने बधाई दी।जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक को यथाशक्ति जनहित,समाज हित और राष्ट्रहित के कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए क्योंकि समाज का सुधार सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव होता है।राणा ने कहा कि उनको खुशी है कि उनकी टीम के साथी अनिल वर्मा जो कि पूर्व में हरियाणा सरकार में कुरुक्षेत्र जिला में सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी के रूप में जनता की सेवा कर रहे थे और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रहे थे,वो अपने पद से नौ वर्ष पूर्व ही स्वैच्छिक सेवानिवृति लेकर अब समाज कल्याण और राष्ट्र उत्थान के कार्यों में पूरी तरह से समर्पित हो गए हैं और समाज की भलाई के कार्यों में संलग्न हैं।



**योगदान**

▶▶ समाज के प्रत्येक नागरिक को यथाशक्ति जनहित,समाज हित और राष्ट्रहित के कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए

इस अवसर पर अनिल वर्मा ने भाजपा अध्यक्ष सुशील राणा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका मानना है कि बड़े लोग बड़े काम करके बड़े नहीं बनते अपितु बड़े लोग छोटे से छोटे काम को भी बड़े ढंग से करने पर बड़े बनते हैं।

# टेक्नोलॉजी के ज्ञान ने जलाई गोधन के प्यार की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पंचलाईट के चक्कर में हम तो सुबह से चुल्हा-चौका भी ना किए, यही सोचे थे कि पंचलाईट आएगा तो गुजिया बनाकर पूरे टोला को खिलाएंगे, पर अब ना ई पंचलाईट जलेगा ना ही गुजिया बनेगी। इसी तरह के संवादों के साथ कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने टैगोर थियेटर चण्डीगढ़ में हास्य नाटक पंचलाईट प्रस्तुत कर अशिक्षा पर प्रहार किया। मौका था चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी और हरियाणा कला परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हरियाणा रंग उत्सव का। 27 जनवरी से टैगोर थियेटर के मुख्य सभागार में शुरू हुए हरियाणा रंग उत्सव में तीसरे दिन हरियाणा कला परिषद की ओर से विकास शर्मा द्वारा निर्देशित हास्य नाटक पंचलाईट का मंचन करवाया गया। फणीश्वर नाथ रेणू की बहुचर्चित कहानी पर आधारित नाटक पंचलाईट का मंचन कुरुक्षेत्र के न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप द्वारा किया गया। इस मौके पर चण्डीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सुदेश शर्मा तथा समाजसेवी राहुल महाजन विशेष रुप से उपस्थित रहे। नाटक पंचलाईट की कहानी बिहार के गांव के भोले-भाले लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां गांव में बिजली न होने के कारण महतो टोली के लोग दण्ड और जुमार्ने के पैसे इकट्ठे करके पंचलाईट खरीद लेते हैं। जब शहर से पंचलाईट गांव में आती है तो खूब खुशियां मनाई जाती हैं। लेकिन बाद में पता चलता है कि गांव के किसी भी व्यक्ति को पंचलाईट जलानी नहीं आती। टोला वाले पंचलाईट न जलाने के लिए एक दूसरे को कहते हैं, किंतु कोई भी पंचलाईट जलाने में सफल नहीं हो पाता। लेकिन गांव का एक आवारा लड़का गोधन जो पढ़ा लिखा है तथा जिसे टेक्नोलॉजी का ज्ञान है, उसे ही पंचलाईट जलानी आती है। गोधन गांव की ही लड़की मुनरी से प्यार करता था। लेकिन मुनरी से प्यार करने वाले कल्लू को उन दोनों का मिलना पसंद नहीं था और वह मुनरी की अम्मा को सब बता देता है। मुनरी की अम्मा पंचायत बुला लेती है, जिसमें फैंसला होता है कि गोधन का हुक्का पानी बंद कर दिया जाए। इस प्रकार गोधन और मुनरी का मिलना जुलना बंद हो जाता है और गोधन को गांव से निकाल दिया जाता है। लेकिन पंचलाईट आने पर मुनरी सबको बताती है कि गोधन को ही पंचलाईट जलानी आती है। इज्जत बचाने के चक्कर में सरपंच गोधन को बुलवाकर पंचलाईट जलाने के लिए कहता है, लेकिन गोधन शर्त रखता है कि



**उत्कृष्ठ**

▶▶ पंचलाईट आएगा तो गुजिया बनाकर पूरे टोला को खिलाएंगे, पर अब ना ई पंचलाईट जलेगा ना ही गुजिया बनेगी

# करधन में भगवान परशुराम सेवा समिति की हुई बैठक

**चर्चा**

▶▶ हवन के बाद बसंत पंचमी की का कार्यक्रम भी होगा जिसमें कई रंगा रंग कार्यक्रम किए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट की मीटिंग भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान अंबाला कैंट में हुई। समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया की परशुराम सेवा समिति का फरवरी महीने के पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ 2 फरवरी 2025 को सुबह 10:00 होगा भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अम्बाला कैंट मे होगा हवन यज्ञ मंदिर के पंडित शंभू नाथ जी द्वारा कराया जाएगा। इसमें मुख्य जजमान समिति के सदस्य संजय मोदगिल और उनकी धर्मपत्नी वंदना मोदगिल होंगी समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया की हवन के बाद बसंत पंचमी की का कार्यक्रम भी होगा जिसमें कई रंगा रंग कार्यक्रम किए जाएंगे।



इस मीटिंग में अतुल शर्मा सुरेंद्र राजू शर्मा राजेश गोल्डी संजय मोदगिल राजीव शर्मा शशिकांत पाराशर और अन्य सदस्य मौजूद है।

# मुख्यमंत्री ने पानीपत में कपड़ा उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की पूर्व बजट परामर्श बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को बजट 2025-26 के लिए पानीपत में कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपड़ा उद्योग जगत के साथ जो विचार विमर्श हुआ है और सुझाव लिए गए हैं, उन्हें आगामी बजट में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने पर पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा ताकि उद्योग जगत प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का पूर्ण रूप



से लाभ उठा सके और रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी अपने सुझाव सरकार द्वारा बनाए गए पोर्टल पर या लिखित रूप से भी दे सकते हैं। उन सुझावों के आधार पर प्रदेश को सामाजिक आधारभूत ढांचे और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए बजट में नई योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टेक्सटाइल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नीति बनाई है। लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और वर्तमान हरियाणा सरकार स्वरोजगार को प्रेरित करने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि देश के विकास में उद्योग जगत की अहम भागीदारी होनी चाहिए।

**अब तक बजट के लिए 9 हजार से ज्यादा सुझाव हुए प्राप्त**

]श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को राज्य सरकार के बजट में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने एक व्यवस्था आरंभ की है, जिसमें प्रदेश का कोई भी व्यक्ति घर बैठकर भी ऑनलाइन माध्यम से बजट संबंधी सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किया गया। अब तक प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में 9 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठकें करने का उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग के कल्याण व आर्थिक उन्नति के लिए योजनाएं बनाई जा सकें।

# जीवन का उद्देश्य है समाज की निस्वार्थ सेवा होनी चाहिए: नरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता वरिष्ठ माध्यमिक** विद्यालय समालखा में एन. एस. एस. शिविर का आज चौथा दिन था। शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए नरेंद्र ने कहा की जीवन का उद्देश्य है समाज की निस्वार्थ सेवा होनी चाहिए। वही व्यक्ति जीवन में लक्ष्य हासिल करता है जो समाज व देश के लिए स्वेच्छा से योगदान देता है शिक्षित युवा ही देश के विकास में बड़ी भागीदारी निभाते हैं स्वयं सेवक समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है। किसी भी व्यक्ति के लिए शिक्षा आज के समय में सबसे बड़ा हथियार है हमारा देश प्राचीन समय से विश्व गुरु रहा है कोई भी राष्ट्र शिक्षा के अभाव में उन्नति नहीं कर सकता। उन्होंने



कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं साक्षरता को ऊंचा उठाने के लिए चलाई गई है जिनमें प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता योजना, ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ये साक्षरता अभियान के कुछ उदाहरण है। कार्यक्रम अधिकारी पवन गुलिया ने बताया कि साक्षरता अभियान में बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी जागरूक किया जाता है। साक्षरता अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को डिजिटल साक्षरता सिखाई जाती है। बच्चों को साक्षरता अभियान नारे की शपथ दिलाई- निरक्षरों को साक्षर बनाना है। इस अवसर पर प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, विवेक शर्मा, अनीश, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला पुलिस की एंटी बर्गलरी टीम द्वारा थाना कुजंपुरा में दर्ज चोरी के** मामले में जांच के दौरान आरोपी योगेश पुत्र महावीर और सचिन पुत्र बिट्टू वासीयान गांव कुजंपुरा को कुंजपुरा अनाज मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से बिजली की मोटर के स्पैयर पार्ट व एल्युमिनियम की तारें बरामद की गई। इस संबध में अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही राजेश कुमार ने बताया कि आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायालय के निदेर्शानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### वाहन चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एंटी आटो थेफ्ट** टीम द्वारा अंसल रोड़ करनाल से आरोपी राजेश पुत्र दयानन्द वासी गांव मांडी, पानीपत को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दो वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में खुलासा किया, जो पुलिस टीम आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाईकिल व एक ई-रिक्शा बरामद की गई। इसके अलावा एंटी आटो थेफ्ट की एक अन्य टीम द्वारा इन्द्री रोड़ करनाल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिससे दो मोटरसाईकिलें बरामद हुई। आरोपी ने एक मोटरसाइकिल थाना बुटाना व एक मोटरसाइकिल थाना सैक्टर 32-33 क्षेत्र से चोरी थी। पुलिस जांच के दौरान आरोपी नाबालिग पाया गया, जिस पर उसे किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश किया गया।

### विदेश भेजने के नाम पर 14 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में विदेश भेजने** का सपना दिखाकर 14 लाख रुपए ठगने और युवक को बेलारूस के जंगलों में छोड़ देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले पीड़ित परिवार से मोटी रकम ऐंठी, फिर युवक को रूस और बेलारूस में फंसा दिया। भारतीय दूतावास की मदद से युवक किसी तरह देश वापस लौटा, लेकिन जब परिवार ने अपने पैसे मांगे तो उन्हें सिर्फ झूठे वादे और जान से मारने की धमकियां मिलीं। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सालवन के रहने वाले कुलदीप शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे को विदेश भेजना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात करनाल के इंद्रप्रस्थ ऑफिस के संचालकों से हुई। इन लोगों ने दावा किया कि वे 14 लाख रुपए में उनके बेटे को जर्मनी भेज देंगे।

### अमेजन एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट में भारत में मुफ़्त मनोरंजन के भविष्य की रूपरेखा पेश की गई

**गुरुग्राम। अमेजन** एमएक्स प्लेअर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। यह स्टार-स्टडेड इवेंट भारत में कंटेंट की खपत के बदलते परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करने के साथ यह दिखाता है कि कैसे अमेजन एमएक्स प्लेअर विज्ञापनदाताओं के लिए मजबूत और अविस्मरणीय ब्रांड बनाने में एक परिवर्तनकारी साझेदार बन रहा है। बॉबी देओल (आश्रम 3), सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ (हंटर 2), रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा (हिप हॉप इंडिया 2), अशनीर ग्रोवर (राइज एंड फॉल) जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेजन एमएक्स प्लेअर ने 2025 के लिए अपनी 100 से अधिक नई शोज की सूची पेश की। अमेजन एड्स इंडिया के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा, आज की बैठक का उद्देश्य अमेजन एमएक्स प्लेअर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है, जो विज्ञापन तकनीक के साथ अमेजॅन के खरबों ग्राहक को एक साथ लेकर आती है। यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो अें९ङ्गल्ल पर बिकते हैं, ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकताओं तक पहुंच सकें और प्रासंगिक विज्ञापन दे सकें।

# महाकवि जयशंकर प्रसाद की मनाई गई जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**आर्य बाल भारती स्कूल** परिसर में भारतीय हरित क्रांति के जनक, भारत रत्न सी. सुब्रमणियम और हिंदी साहित्य, नाटक उपन्यासकार, हिंदी साहित्य में नाटक को नई दिशा देने वाले और छायावाद के प्रवर्तक महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गईं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कीे आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे उप प्राचार्य एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के प्रभारी जगदीश चहल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देी इस



अवसर पर हिंदी कविता प्रतियोगिता भी करवाई गई और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राचार्य ने सम्मानित कियो इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, आचार्य चाणक्य, आर्य भट्ट, अमर शहीद रणवीर आर्य और आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद कियो कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गयो यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणबीर आर्य ने देी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है भारत एक धार्मिक और आध्यात्मिक राष्ट्र है भारत ने ही विश्व को वैदिक गणित देकर वैज्ञानिक आविष्कारों का मार्ग प्रशस्त किया है वही जयशंकर प्रसाद जैसे महाकवियों ने वेदों पर आधारित अनेक रचनाएं देकर भारत की वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य में नाटक को नई दिशा देने वाले और छायावाद के प्रवर्तक महाकवि जयशंकर प्रसाद का जन्म वाराणसी में हुआ` इनके दादा शिव रतन साहू बड़े दानवीर थे जबकि उनके पिता बाबू देवी प्रसाद आध्यात्मिक विचारधारा से प्रेरित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओम दत्त आर्य ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिसके माध्यम से एक सामान्य परिवार का छात्र भी शिखर तक पहुँच सकता है।

# गन्नो की बिजाई के प्रदर्शन प्लॉट लगाने के इच्छुक किसान 7 फरवरी तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सानीपत, (गोहाना) । उपायुक्त** डा0 मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना तकनीकी परियोजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2024-25 में किसानों को गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सहायक गन्ना विकास अधिकारी, गोहाना ने बताया कि किसान द्वारा गन्ने की सिफारिस की गई किस्मों की यदि बिजाई की जाती है ता नर्सरी बीज पर 5000 रूप्ये प्रति एकड़ की सहायता राशि, चौड़ी विधि द्वारा गन्ना फसल की बिजाई करने पर 3000 रूप्ये प्रति एकड़ की सहायता राशि, एकल आंख विधि द्वारा बिजाई करने पर 3000 रूप्ये प्रति एकड़ की सहायता राशि, गन्ना किस्म सी.ओ. 15023 की बिजाई करने पर 5000 रूप्ये प्रति एकड़ की अनुदान सहायता राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गन्ना किसान सी.ओ. 15023 का बीज के रूप में अन्य किसानों को बेचने पर संबधित किसान को 5000 रूप्ये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान राशि दी जाएगी। ध्यान रहे कि एक किसान किसी एक मद में ही अधिकतम दो एकड़ तक ही योजना का लाभ ले सकता है। उपरोक्त स्कीमों के लाभ लेने के इच्छुक किसान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाइट पर 7 फरवरी तक अपना आवेदन करवा सकते हैं।

# मांगों को लेकर पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में हरियाणा** गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी ने अधीक्षक अभियंता सिविल परिमंडल भवन व मार्ग विभाग की नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला प्रधान रजिस्टर राणा की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन का संचालन जिला सचिव कुलदीप सिंह राणा ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कड़े नारेबाजी की और सरकार से जल्द समाधान की मांग की। प्रदेश कार्यालय सचिव कृष्ण मलिक, प्रदेश चेयरमैन सत्यपाल वर्मा और राज्य उपप्रधान जसमेर लाल शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि फील्ड कर्मचारियों की एसीपी नहीं लगाई जा रही, मेडिकल पास नहीं किया जा रहा, कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर अनुभव दर्ज नहीं हो रहा और जॉब सिक्योरिटी के आदेश भी जारी नहीं किए जा रहे हैं।

इन सभी मांगों के समाधान के लिए अधिकारियों द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार के आदेशों के बावजूद अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# सरस्वती नदी सम्मेलन सरस्वती के स्वरूप को समझने में सहायता करेगा: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सीनेट हाल में सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रिसर्च ऑन सरस्वती रिवर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावन सरस्वती नदी सम्मेलन के लिए कुरुक्षेत्र के सांसद श्री नवीन जिन्दल ने शुभकामना संदेश भेजा। इस ऐतिहासिक एवं शोधपरक आयोजन के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, आयोजकों एवं सभी विद्वानों को अपनी हार्दिक



शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरस्वती नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हमारे इतिहास, संस्कृति और आस्था की जीवनरेखा रही है। यह ज्ञान, समृद्धि और सभ्यता का प्रतीक मानी जाती है, जिसका उल्लेख वेदों और प्राचीन ग्रंथों में मिलता है है।

आधुनिक शोध और वैज्ञानिक अध्ययनों के माध्यम से इस पौराणिक नदी के अस्तित्व को नए दृष्टिकोण से देखने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय पावन सरस्वती नदी सम्मेलन के माध्यम से हमें सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, भूगर्भीय और सांस्कृतिक पहलुओं पर गहन चर्चा करने का अवसर मिलेगा, जो हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित और पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# 12 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नशा मुक्त** करनाल अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस की रंबा चौंकी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर गांव संगोई के क्षेत्र में रजबाहा के पास से नाकाबंदी करके आरोपी शीतल सिंह उर्फ सन्नी पुत्र जगदीश कुमार निवासी गांव श्यामगढ, करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में चौंकी प्रभारी उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सदर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लोक लुभावना होगा बजट: मुख्यमंत्री नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह ने गुरुवार को जिला सचिवालय में जिले के उद्योगपतियों व कपड़ा उद्यमियों के साथ बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया जाएगा वह उम्मीद से भरा होगा। बेहतरीन बजट के लिए किसानों से, युवाओं से महिलाओं से, किसानों से, आंगनवाड़ी वर्कर, ड्रोन दीदी, स्वयं सहायता समूह वर्कर से सुझाव मांगे गए हैं व पोर्टल पर भी लोगों को सुझाव के लिए आमंत्रित किया गया था। 9 हजार के करीब लोगों ने अपने-अपने तरीके से बजट को लेकर सुझाव दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बगैर पर्ची बगैर खर्ची के एचसीएस तक लगाए गए हैं। केंद्र में राज्य सरकार का बजट हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत उन लोगों को आमंत्रित किया है जिनकी आय 1 लाख 80 हजार है राज्य सरकार उन परिवारों को तीर्थ यात्रा करवाएगी। वे स्वयं भी कैबिनेट के साथ 7 तारीख को प्रयागराज महाकुंभ जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेयर के चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। मीडिया पर्सन के एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए अनर्गल प्रचार नहीं करना चाहिए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लोगों का अपमान किया है। दिल्ली के लोग अबकी बार उनके बहकावे में नहीं आने वाले। दिल्ली के हालात कल्पना से परे है वह स्वयं भी इससे वाकिफ है। दिल्ली की जनता ने उन्हें दो मौके दिए अबकी बार उन्हें दिल्ली की जनता मौका नहीं देगी क्योंकि वे जनता की उम्मीद पर खरा नहीं उतरे। मुख्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा साढे 8 करोड़ रुपए एसटीपी लगाने को लेकर दिल्ली सरकार को दिए गए थे लेकिन न तो एसटीपी लगा और ना ही पैसे का पता चला। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की गलियों में पानी की हालत खराब है। रसोई में शुद्ध जल नहीं मिल रहा। पॉन्ड्स तक की सफाई नहीं की गई। एसटीपी की हालत खराब है। उनकी साफ सफाई नहीं हुई है। डिस्ट्रीब्यूशन की कमी है ।उसको सुधारने की बजाय केजरीवाल बयान बाजी पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में जो घटना घटी वह दुर्भाग्यपूर्ण है। भगवान दिव्यांगता आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे। विपक्ष को ऐसे मामलों में राजनीति नहीं करनी चाहिए। मुख्य मंत्री ने कहा कि महाकुंभ देश के लोगों की बड़ी आस्था है। ऐसी आयोजनों पर अफवाह का ध्यान रखना चाहिए।

# हिमगिरी स्कूल में जैन मुनि का विश्राम: छात्रों ने सीखा आध्यात्मिक ज्ञान



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप राठी )**
**हिमगिरी स्कूल में दिगंबर जैन** मुनि सौरभ सागर का विश्राम का प्रबंध किया गया, जिसमें छात्रों ने आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन के मूल्यों के बारे में सीखा। इस कार्यक्रम में, मुनि ने आत्म-नियंत्रण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का चरम विकास धन से नहीं धर्म से होता है। गुरु सोए हुए में जागा हुआ व्यक्ति होता है,गुरु पथ प्रदर्शक होता है,गुरु हमारे कल्मष धोते हैं, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं।

# आर्य कॉलेज में हुआ गांधी के विचारों पर संगोष्ठी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य कॉलेज के** गांधीयन अध्ययन केंद्र, पानीपत नागरिक मंच व गांधी ग्लोबल फैमली के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के ओ.पी. शिंगला सभागार में गांधी के विचारों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्य मंत्री जम्मू कश्मीर गुलाम नबी आजाद ने शिरकत की। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला व ग्लोबल फैमली की अध्यक्ष निर्मल दत्त व महासचिव एडवोकेट राम मोहन राय ने मुख्य अतिथि का कॉलेज प्रांगण में पहुचने पर



पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी इतिहास के एक ऐसे पुरोधा हैं, जिसने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ना केवल भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करवाया बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंक दिया। सत्य व अहिंसा के प्रति बापू के विचार ना केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते हैं। मुख्य अतिथि गुलाम नबी आजाद ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज 30 जनवरी का दिन यानि हमारे राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि का दिन है। बिड़ला हाउस में गांधी स्मृति में महात्मा गांधी की हत्या के बाद हम उनकी याद में इस दिन का स्मरण करते हैं। भारत सरकार ने 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में घोषित किया था। शहीद दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के संदेश के वैश्विक महत्व को दशार्ता है, जो आज भी दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। इस दिन पूरे देश महात्मा गांधी के विचारों को याद किया जाता हैं और युवा उनकी शिक्षाओं का अनुपालन करने का प्रयास करते हैं। आजाद ने कहा अगर देश को आगे बढाना है तो युवाओं को ही देश को आगे बढाने के लिए गांधी के विचारों को अपनाना होगा। हमें आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव बनाए रखने का सन्देश देना होगा, जो हमें महात्मा गांधी ने दिया था। उन्होंने कहा कि यह दिन इस चीज की याद दिलाता है कि गोली ने महात्मा गांधी को तो मार दिया था लेकिन उनके विचारों को नहीं मार सकी । महात्मा गांधी के विचार आज भी एक प्रकाश स्तम्भ की तरह समाज को राह दिखा रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी दिखाते रहेंगे। महात्मा गांधी की आजादी की लड़ाई की भूमिका को भारत का हर नागरिक हमेशा याद करता रहेगा और महात्मा गांधी हमारे लिए हमेशा आदरणीय रहेंगे।

# कैंट के केवी-3 मे मार्गदर्शन एवं परामर्श पर कार्यशाला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: पीएम श्री** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 अम्बाला छावनी में दिनांक 28-01-2024 से 30-01-2024 तक विद्यार्थियों के लिए ह्लमार्गदर्शन एवं परामर्शह्व की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ` इस कार्यशाला के समापन पर मुख्य अतिथि डा. नवीन गुलाटी,पूर्व विभागाध्यक्ष गणित विभाग,एस.डी.कॉलेज एवं अतिथि वक्ता आहार विशेषज्ञा एवं कैरियर विश्लेषक शिवा कुमार का स्वागत प्राचार्य अमित अरोड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर किया` इस तीन कार्यशाला में



विद्यार्थियों को मुख्य रूप से सही आहार और पोषण की जानकारी के साथ साथ आधुनिक आहार से होने वाली समस्याओं के समाधान, कैरियर विकल्प एवं परामर्श, किशोरावस्था की समस्याओं और समाधान विषय पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में गंभीर विषयों को व्यावहारिक जीवन से जोड़कर गतिविधियों के माध्यम प्रस्तुत किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने तन्मयता से भाग लिया।

# आदर्श नगर: कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल के समर्थन में उतरे सांसद पप्पू यादव

## ● जनता से किया हुआ हर वादा पूरा करेगी कांग्रेस: शिवांक सिंघल ● शिवांक सिंघल के प्रचार को पप्पू यादव ने दी धार






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। चुनाव प्रचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। प्रत्याशी दिन-रात जनता तक अपनी बात पहुंचाने में प्रयासरत हैं और वोट की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने दिन-रात चुनाव प्रचार में जुटे हैं। पार्टी भी शिवांक सिंघल के चुनाव प्रचार को धार देने में जुटी हुई है। कांग्रेस स्टार प्रचारकों को पूरी फौज दिल्ली विधानसभा चुनाव में उतर चुकी है। शिवांक को भी स्टार प्रचारकों का साथ मिल रहा है। स्टार प्रचारकों ने शिवांक सिंघल के चुनाव प्रचार को जहां धार दी हैं वहीं कांग्रेस की नीतियों से जनता को रूबरू करा रहे हैं।

**कांग्रेस जनता से किया हर वादा करती है पूरा:** पप्पू यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता से जो भी वादे करेगी उसे पूरा करेगी। कांग्रे शासित राज्यों को आप देख ले चुनाव में किया हुआ हर पूरा किया। राहुल गांधी ने हमेश जनहित में फैसले लिए हैं और दिल्ली में रूके हुए विकास कार्यों को बढ़ाने के लिए सत्ता में कांग्रेस की वापसी जरूरी है।

**आप होगी साफ, आदर्श नगर में शिवांक लहराएंगे परचम:** पप्पू यादव ने कहा कि दिल्ली में जनता को भ्रमित कर पिछले 12 वर्षों से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी के अब दिन लद गए हैं। आम आदमी पार्टी झूठ की बुनियाद पर खड़ी हुई थी और आम आदमी पार्टी का मुखिया अरविंद केजरीवाल सबसे झूठा नेता है। आम आदमी पार्टी के नाम से सत्ता पर काबिज केजरीवाल सरकार को दिल्ली की जनता ने अब हटाने के मन बना लिया है। झूठ, भ्रष्टाचार का दूसरा नाम है आम आदमी पार्टी।



# विधानसभा चुनाव में इस बार शैलेंद्र के लिए होगी जबरदस्त वोटिंग: दीपक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: धरने प्रदर्शन** व भ्रष्टाचार के मुद्दे को भुनाकर झूठ के बूते दिल्ली की सत्ता में काबिज हुई आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री से लेकर सांसद व विधायक भ्रष्टाचार से पूरी तरह लिप्त है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को दस साल से अधिक को समय हो चुका है लेकिन दिल्ली व दिल्लीवासीयों का जीवन सुविधाओं के अभाव में नर्क से भी बद्तर हो गया है। उक्त सभी बातें बुराडी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व जदयू से दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जब से केजरीवाल की सरकार आई है तभी से दिल्ली में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां एक ओर तो दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली को पेरिस बनाने का सपना लोगों को खुली आंखो से दिखा रहे है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली वाले मुलभूत सुविधाएं मिलने की बाट जौंह कर बैठे हुए है। दीपक गुप्ता ने बताया कि जहां एक ओर तो इस अत्याधुनिक काल में देश तरक्की करके चांद तक पहुंच चुका है और केजरीवाल की सरकार में दिल्ली की जनता बिजली, पानी, सडक, स्वास्थ सहित अन्य सुविधाओं को त्रस्त है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार व उसके विधायक संजीव झा को बुराड़ी की जनता सच का आइना दिखाकर बुराड़ी से विदा करने वाली है।

# अंतरराष्ट्रीय खेलों में मनमीत व रक्षित ने जीता रजत पदक: उत्तम आर्य




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पुडुचेरी** सरकार व भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30वीं अंतरराष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में महर्षि दयानंद विद्या भवन के दो विद्यार्थियों व दरियापुर गांव के निवासी मनमीत सहरावत सुपुत्र मनजीत सहरावत व रक्षित सुपुत्र जयंत ने सिल्वर मैडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय निदेशक अरुण ठाकरान ने बताया कि इस विशेष उपलब्धि के लिए महर्षि दयानंद विद्या भवन स्कूल बवाना द्वारा खिलाड़ियों व कोच उत्तम आर्य के स्वागत में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विश्वभर में चल रहे बेटी बचाओ अभियान की अध्यक्षा पूनम आर्या व संयोजिका प्रवेश आर्या मौजूद रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू धनकड़ व टीपीडीडील प्रबंधक राहुल कुमार सम्मिलित रहें। पूनम आर्या ने सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको अपने बच्चों को प्राइवेसी शब्द का प्रयोग करने से रोकने का आवश्यकता है। वहीं उन्होंने बताया कि मोबाइल के ज्यादा प्रयोग से भी बच्चों में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिसे रोकने के लिए जीवन में योग करना अति आवश्यक है। इस अवसर पर योग गुरु उत्तम आर्य ने बताया कि सम्मान से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन होता है। साथ ही अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। इसलिए इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन समय समय पर होता रहना चाहिए।
अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मिनाक्षी तुषीर जी ने सभी का पधारने पर धन्यवाद दिया।

# वजीरपुर: भाजपा के कार्यों व नीतियों से प्रभावित है जनता: उमा कांत शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा के कार्यों व नीतियों से काफी प्रभावित है। हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा को समर्थन करने की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि जहां पर भी जनसंपर्क व बैठको में पूनम भारद्वाज जा रही है, जनता उन्हें समर्थन करने की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज भी दिल्ली के कई इलाको में गंदा पानी आ रहा है और जनता बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पी रही है।

# आप होगी साफ, बुराड़ी को मिलेगा विकास: श्याम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कांग्रेस के शासन काल में दिल्ली** में कभी भी विकास की रफ्तार नहीं थमी। तो वहीं दिल्ली के अंतिम व्यक्ति तक भी सरकार की सभी योजनाएं योजनाबद्ध तरीके से उन तक पहुंच जाया करती थी। अगर बात करें मुलभूत सुविधाओं की तो लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए कभी भी तरसना नहीं पडता था। लेकिन दिल्ली नगर निगम में भाजपा की पंद्रह साल तक सरकार रही तो वहीं वर्तमान में आम आदमी पार्टी की सरकार निगम में भी काबिज है। दोनों सरकारें निगम में रह चुकी है बावजूद इसके क्षेत्र के हालात में कोई सुधार नहीं आया है। उक्त बातें बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 में रहने वाले व कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि वार्ड-8 के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। श्याम ने कहा क्षेत्र में पूर्ण रूप से साफ-सफाई नहीं की जाती है व कर्मचारी भी अपने मनमुताविक काम करते है, जिसकी लापरवाही की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लग जाते है, जो कि हवा के सहारे उडकर लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे न की क्षेत्र में गंदगी का माहौल बना हुआ है बल्कि बिमारी भी फैलने की शंका बनी रहती है। **पार्षद की लापरवाही की भेंट चढा वार्ड:** श्याम सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र की अधिकांश गलियां मैन रोड़ बदहाली की मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि निगम पार्षद ने कभी भी न तो क्षेत्र का दौरा किया है और न ही इलाके की बदहाली को लेकर तत्परता दिखाई है। श्याम सिंह ने कहा कि आप दिल्ली को और भाजपा देश को अंग्रेजों की तरह लूट रही है, और कांग्रेस का लक्ष्य इन्हें सत्ता से बेदखल करके देश को बचाना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और न्याय व्यवस्था को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन हम ऐसा कतई नहीं होने देंगे, जिस तरह शक्तिशाली ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंका गया, उसी तरह कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य भाजपा की निरंकुश सरकार को केंद्र और दिल्ली की केजरीवाल सराकार को इस विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हराकर उखाड़ फेंकना है।

# पूनम भारद्वाज को जनता का मिल रहा है अपार समर्थन: पवन शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा के वरिष्ठ** नेता पवन शर्मा ने कहा कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। जहां पर भी पूनम शर्मा भारद्वाज जनसंपर्क के लिए जा रही है, उन्हें जनता जीत का आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के कार्यो से शहरों के लोग जहां खुश है, वहीं गांव के लोग भी काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा का इतिहास रहा है, भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है।

# अब लड़ाई केवल प्रतिनिधित्व की नहीं, बल्कि नियंत्रण की है: राहुल




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वरिष्ठ कांग्रेस नेता** और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वंचित समाज के लिए अब लड़ाई केवल व्यवस्था में प्रतिनिधित्व की नहीं, बल्कि नियंत्रण की भी है। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता में हिस्सेदारी के साथ-साथ दलितों, पिछड़ों और अन्य वंचित वर्गों को धन-संपत्ति में भी हिस्सा मिलना चाहिए।
'दशा और दिशा' कार्यक्रम में दलित प्रभावकों से संवाद कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के उद्धार का पहला चरण समाप्त हो चुका है। अब इस व्यवस्था में उनके लिए नए अवसर उपलब्ध नहीं हैं और इस ढांचे में उनकी समस्याओं का समाधान संभव नहीं है, क्योंकि इस पर भाजपा और आरएसएस ने पूरी तरह कब्जा कर लिया है।
वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग की 90 प्रतिशत आबादी हैं, लेकिन देश की सबसे बड़ी कंपनियों के मालिकों और मैनेजमेंट टीम में इन वर्गों के लोग नगण्य हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अब लड़ाई केवल प्रतिनिधित्व की नहीं, बल्कि नियंत्रण की है।
उन्होंने कहा कि प्रतिनिधित्व और नियंत्रण दो अलग-अलग चीजें हैं और वंचित वर्गों को अब तक कोई नियंत्रण नहीं मिला है।
भाजपा पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व को अप्रासंगिक बना दिया है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवारों के समर्थन में बादली विधानसभा के जहांगीर पुरी में आयोजित विशाल जनसभा में जन नेता राहुल गांधी दिल्ली की जनता के बीच शामिल हुए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं बादली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र यादव ने जनसभा में मौजूद हजारों लोगों को संबोधित किया। श्री यादव ने राहुल गांधी, दिल्ली प्रभारी निजामुद्दीन काजी और पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा अमरिन्दर सिंह वडिग का अभिनन्दन किया।

# भारी मतों से विजयी होगें भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी: अभिमन्यु सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा भलस्वा** मंडल के मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी बादली विधानसभा सीट से भारी मतों से विजयी होगें। क्योंकि हम जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का काफी समर्थन मिल रहा है। जनता भाजपा के पक्ष में वोट करने की बात कह रही है। मंडल अध्यक्ष श्री सिंह ने आगे बताया कि दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी ने केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। श्री सिंह ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि लोग भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है।

# बेअसर साबित हो रहे अधिकारियों के निरीक्षण न सुनवाई

## ऑक्सीजन प्लांट, पीकू वार्ड, ट्रोमा सेंटर हर जगह मिली अनियमितता

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: अधिकारियों** के निरीक्षण बेअसर साबित हो रहे हैं। न निर्देशों पर सुनवाई हो रही है और नहीं अवहेलना पर कोई कार्यवाही। सीडीओ मनीष मीना ने गुरुवार को महिला जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कि या। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा अनुपस्थित थीं। चिकित्सालय में तैनात स्टॉफ की उपस्थित पंजिका के अवलोकन से संज्ञान में आया है कि चिकित्सालय में तैनात कई कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसके संबंध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके कार्यालय में पत्रावली पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व 23 सितम्बर में



चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया गया था कि आयुष्मान मित्र को ओपीडी के पास बैठाया जाये, परन्तु वर्तमान निरीक्षण में भी आयुष्मान मित्र ओपीडी से अन्यत्र स्थान पर बैठा हुआ पाया गया। जिला शासी निकाय की बैठक में निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी निरीक्षण के समय पीकू वार्ड प्रयोग में नहीं पाया गया। साथ ही पीकू वार्ड में रखे गये उपकरणों का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय में बने ट्रोमा सेंटर बन्द पाया गया। ट्रोमा सेण्टर का प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है। आईसोलेशन वार्ड के पास बने कमरों का भी इनके द्वारा कोई प्रयोग नहीं किया जा रहा है।

**बाहर से की जा रही आक्सीजन की आपूर्ति:** चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लान्ट होने के उपरान्त भी ऑक्सीजन सलैण्डर के द्वारा बाहर से आपूर्ति ली जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से बाहर से ऑक्सीजन सलैण्डर की आपूर्ति लेने का कारण पूछने एवं कब-कब कितने सलैण्डर की आपूर्ति बाहर से ली गयी है कि जानकारी करने पर उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया।

**कल्याण समिति की धनराशि का नहीं मिला रिकार्ड:** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय पाया गया कि रोगी कल्याण समिति की धनराशि का कोई भी सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। इस के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से रोगी कल्याण समिति की पत्रावली मांगी गयी, तो उनके द्वारा पत्रावली के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है। चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा द्वारा अपने मनमाने तरीके से कार्य करने, चिकित्सालय में अव्यवस्था फैलाने एवं निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये जाने पर इनका माह जनवरी 2025 से अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित किया जाता है। साथ ही इनको निर्देशित किया जाता है कि निरीक्षण के समय पायी गयी समस्त कमियों एवं अनुपस्थित कार्मिकों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर तीन दिवस में पत्रावली पर उनको प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
**मनीष मीना, सीडीओ मथुरा**

# पिता की बंदूक से बेटे ने कर ली खुदखुशी, युवक प्राइवेट कंपनी में करता था काम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: प्राइवेट क** पनी में कार्यरत युवक ने गुरुवार को पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया पुलिस इसकी पडताल कर रही है। बताया जा रह है कि कस्बा राया के मोहल्ला घड़ी निवासी श्यामसुंदर शर्मा के 38 वर्षीय पुत्र मनोज शर्मा ने दोपहर अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग घर की तरफ दौड़ पड़े। जहा आंगन में मनोज का शव लहुलुहान



हालात में पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल घटनास्थल पर पहुच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के समय उनकी पत्नी व बेटी घर पर ही मौजूद थे वही। लोगो ने बताया मनोज एक प्राइवेट कंपनी में नोकरी करता था। मनोज का छोटा पुत्र स्कूल पढ़ने गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### होंडा मोटरसाइकल ने बच्चों को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा पर शिक्षा दी

**करनाल** । होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क के माहौल को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस कड़ी में कंपनी ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा पर केन्द्रित एक रोचक किड्स कार्निवल का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों को यातायात सुरक्षा की आवश्यक जानकारी देने के लिए किया गया था। यह 2050 तक यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्य करने के लिये होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण से बखूबी मेल खाता है। किड्स कार्निवल का आयोजन भारत में एचएमएसआई के सभी



चार संयंत्रों में हुआ- तापुकारा (राजस्थान), विठलापुर (गुजरात), नारसापुरा (कर्नाटक) और आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी की ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में इसका समापन हुआ। इसमें बच्चों के लिये संवादपरक एवं मजेदार गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं, जो उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व पर शिक्षित करने के लिये थीं। यातायात के नियमों और सड़क के संकेतों से लेकर सड़कों पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने के महत्व तक, बच्चों को बड़े दिलचस्प तरीके से यह अनिवार्य सबक सिखाये गये। किड्स कार्निवल गतिविधि में सरकारी तथा प्राथमिक स्कूलों के 1100 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए। इसका लक्ष्य बच्चों के बीच सड़क पर सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कक्षा 5 और 6 के विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षक थे। उन्होंने संवादपरक गतिविधियों में सक्रियता से भाग लिया। यह गतिविधियाँ उन्हें शिक्षित करने और सड़क सुरक्षा का एंबेसेडर बनने की ताकत देने के लिये थीं। एचएमएसआईने हाल ही में अपना अभिनव डिजिटल रोडसेफ्टी लर्निंग प्लेटफॉर्मई-गुरुकुल भी लॉन्च किया था। यह ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म 5 से लेकर 18 साल तक के तीन खास आयु समूहों के लिये तैयार किये गये प्रशिक्षण के मॉड्यूल्स देता है और सड़क पर सुरक्षा का विस्तृत तरीका सुनिश्चित करता है। अभी यह मॉड्यूल्सकई भाषाओं में उपलब्ध हैं, जैसे कि कन्नड़, मलयालम, हिन्दी, तेलुगू, तमिल और अंग्रेजी। इस प्रकार समावेशन एवं क्षेत्रीय प्रासंगिकता सुनिश्चित होती है। यह प्लेटफॉर्म लाइव स्ट्रीमिंग या डाउनलोडिंग और बहुभाषीयमॉड्यूल्स को सपोर्ट करता है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में सुलभता सुनिश्चित हो सके। ई-गुरुकुल का लॉन्च होना बच्चों, शिक्षकों और डीलरों को सशक्त करने के लिये एचएमएसआई के मौजूदा प्रयासों का हिस्सा है, ताकि वे सड़क पर सुरक्षित आचरण का समर्थन करें। यह पहल हर राज्य के स्कूलों में पहुँचकर विभिन्न आयु समूहों के लिये तैयार की गई सड़क पर सुरक्षा की शिक्षा को बढ़ावा देगी।

### मेड इन इंडिया जिम्नी 5- डोर ने जापान में रखा कदम

**गुरुग्राम।** मेड इन इंडिया जिम्नी 5- डोर ने आज जापान में कदम रख दिया है। जिम्नी को भारत में ऑटो एक्सपो 2023 में पहली बार प्रदर्शित किया गया था। वित्त वर्ष 2024-25 में यह मारुति सुजुकी का दूसरा सबसे अधिक निर्यात किया जाने वाला मॉडल बन गया है। 5 डोर जिम्नी को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मारुति सुजुकी की निर्माण इकाई (मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी) में तैयार किया गया है। जिम्नी की बात करें तो इसके पास ग्लोबल ऑफ-रोडर के रूप में एक मजबूत विरासत है। जिम्नी को लगभग 100 देशों में निर्यात किया जाता है। जापान में इस एसयूवी का लॉन्च मारुति सुजुकी के निर्यात के सफर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। वित्त वर्ष 2024-25 में फ्रोंक्स के बाद अब जिम्नी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के घरेलू बाजार में भेजी जाने वाली दूसरी एसयूवी बन गई है। इस अवसर पर बात करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउचि ने कहा, जापान में मेड इन इंडिया जिम्नी 5- डोर की शुरूआत हमारी बेहतरीन निर्माण क्षमता का प्रमाण है। अगस्त 2024 में के निर्यात के बाद यह इस वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में जापान को निर्यात किया जाने वाला हमारा दूसरा मॉडल है। जिम्नी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दूसरी सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली मारुति सुजुकी कार है। इस कार को मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे बाजारों में शानदार सफलता मिली है। इसे देखते हुए हमें विश्वास है कि यह जापान में ग्राहकों का दिल जीतने में भी सफल रहेगी। जिम्नी का निर्यात मेक-इन-इंडिया फॉर द वर्ल्ड के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक बेहतरीन मिसाल है। जिम्नी की विरासत आधी सदी से ज्यादा पुरानी है। यह दुनिया भर में एक जाना पहचाना मॉडल है। सुजुकी ने दुनिया भर में 199 देशों और क्षेत्रों में जिम्नी की 35 लाख से भी ज्यादा यूनिट बेची हैं।

# हुंडई कार से कर रहे थे गांजे की तस्करी

**मथुरा: थाना मांट** पुलिस ने हुंडई कार से साढ़े चौदह किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रभारी निरीक्ष थाना मांट राजीत वर्मा ने बताया कि थाना मांट पुलिस टीम द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे पर चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन के दौरान गुरूवार को रात्रि में यमुनाएक्सप्रेसवे पर एलएचएस साइड पर कूपगढ़ अण्डरपास पर अभियुक्त दलवीर सिंह पुत्र झरन सिंह निवासी वाजीतपुर थाना टप्पल जनपद अलीगढ़, निखिल पुत्र राजवीर सिंह हाल निवासी एफसीआई गोदाम के सामने मथुरा थाना बलदेव को मय एक औरा कार नम्बर किलोग्राम गांजा का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किये गये हैं।

# भाकियू भानू बिजली निजीकरण के विरोध में

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा : भारतीय किसान** यूनियन भानु ने वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के सभागार मथुरा में भाकियू भानु सैकड़ों के पदाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी के साथ विद्युत निजीकरण के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने कहा कि किसान अपने बच्चों को खेत बेचकर इसलिए इंजीनियरिंग नहीं कराता कि उसका बेटा एक संविदा कर्मी बने।

**विरोध**

**विद्युत निजीकरण हुआ तो इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन करेगी**

अगर विद्युत निजीकरण हुआ तो इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन करेगी किसी भी कीमत पर विद्युत विभाग को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे। विद्युत निजीकरण से किसानों पर मनमानी करते हुए किसानों का उत्पीड़न किया जाएगा जोकि स्वीकार्य नहीं है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने कहा कि विद्युत विभाग का निजीकरण ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है अगर सरकार पर विद्युत व्यवस्था नहीं संभाली जा रही तो इस्तीफा दे देना चाहिए। निजी करण से विद्युत विभाग के कर्मचारी और किसानों का अहित होगा। अगर देश को बचाना है तो निजीकरण को हटाना है सरकार विद्युत विभाग में अधिकारी और कर्मचारियों की भर्ती करे। जिस से रोजगार की कमी भी दूर होगी और संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी करें। विद्युत कर्मचारी भी इस देश के नागरिक हैं और हमेशा मौत का खतरा इन पर बना रहता है उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए। भारतीय किसान यूनियन भानु के सभी पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष विद्युत समिति के जिला संयोजक राहुल चौरसिया को विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ, जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान, महानगर अध्यक्ष विजय सिंघल, गणेश तोमर, शैलेंद्र मिश्रा, उमाशंकर शर्मा, संघर्ष समिति के संयोजक राहुल चौरसिया,उपखंड अधिकारी देवेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन टटलू काटने वाले दो गिरफ्तार

**मथुरा।** बरसाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउन्ट बनाकर सस्ते दामो में मोबाइल बेचने का विज्ञापन डालकर लोगों के साथ धोखा धडी करने वाले दो अभियुक्तों को एंड्राइड मोबाइल, दो फर्जी आधार कार्ड, एक आर्मी कैन्टीन कार्ड, तीन फर्जी सिम कार्ड, एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल के मुताबिक ऊंचा गांव के पास बनी टंकी के पास से साकिर पुत्र सत्तार निवासी अकाता थाना कामा जिला डींग राजस्थान व सैकुल पुत्र हारुन निवासी अकाता थाना कामा जिला डींग राजस्थान को टटलू बाजी में गिरफ्तार किया गया है।

# दिल्ली के 37% स्वरोजगारियों की सुविधा के लिए डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारत** की तेजी से बढ़ती आधुनिक डिजिटल लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (डिजिट लाइफ) ने अपना पहला इंडीवीजुअल प्योर टर्म लाइफ इंश्योरेंस प्लान "डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस" लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे खास तौर पर स्वरोजगारी व्यक्तियों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहक सेवा में सरलता और एजेंट की तेजी से ऑनबोर्डिंग के लिए, डिजिट लाइफ इंश्योरेंस ने दिल्ली के नेहरु प्लेस और हरयाणा में मेहरौली-गुरुग्राम रोड पर ऑफिस भी खोला है। स्वरोजगारियों की आर्थिक सहायता के लिए, डिजिट लाइफ अपने खुद के तैयार किए गए टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड मॉडल के जरिए तमाम डेटा प्वाइंट और वैकल्पिक क्रेडिट पैरामीटर का इस्तेमाल करके बेहतर फाइनेंशियल अंडर राइटिंग तैयार करेगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली के लगभग 37.8% प्रतिशत लोग स्वरोजगार करते हैं। भारत में करीब 30 करोड़ से ज्यादा स्वरोजगारी हैं जो तमाम चुनौतियों, जैसे आय में उतार चढ़ाव, आय का कोई प्रमाण न होना वगैरह, के कारण अपने लिए बेहतर टर्म लाइफ इंश्योरेंस नहीं खरीद पाते। लॉन्च की जानकारी देते हुए गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफि सर, संदीप भारद्वाज, ने कहा, ह्लस्वरोजगारी दिल्लीवासी, जिनमें छोटे व्यापारी, गिग वर्कर, और पेशेवर शामिल हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। फिर भी ऐसे लोगों को पारंपरिक अंडर राइटिंग के चलते उपयुक्त लाइफ इंश्योरेंस कवर लेने में समस्या होती है। डिजिट ग्लो टर्म लाइफ इंश्योरेंस में हमारा लक्ष्य इस असुविधा को खत्म करना है। इसमें हम इंश्योरेंस लेना आसान बना रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि दिल्ली के स्वरोजगारियों के लिए समावेशन हो पाए।

# देवरिया में दबिश देने गई पुलिस पर हमला, केस दर्ज

**देवरिया: बरियारपुर** थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर वारंटी की गिरफ्तारी के विरोध में अभियुक्त और अन्य साथियों द्वारा पुलिस पर हमला किया गया। दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि थाना बरियारपुर पुलिस न्यायालय से प्राप्त वारंट के आधार पर अभियुक्त पंकज गुप्ता पुत्र मैनेजर गुप्ता साकिन अहिलवार को गिरफ्तार करने गयी थी । इस दौरान अभियुक्त व उसके साथियों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी में बाधा उत्पन्न की गई।

# वाइल्डलाइफ एडवेंचर सीरीज का प्रीमियर शुक्रवार को हिस्ट्री टीवी18 पर




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** एक दिलचस्प और रोमांच से भरी यात्रा के लिए तैयार हो जाइए, जो सर्वाइवल को एक नई ऊंचाई तक ले जाएगी। तीन भागों की एडवेंचर सीरीज 'बोर्न तो बी वाइल्ड' का प्रीमियर शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 को शाम 7:05 बजे, केवल हिस्ट्री टीवी18 पर होगा। इस शो की मेजबानी करेंगे साहसी और जोशीले एडवेंचरर एंड्रयू यूकल्स, जिन्होंने अपने यूट्यूब पेज के जरिए 20 लाख से ज्यादा दर्शकों को प्रभावित किया है।

यह शो वाइल्डलाइफ एक्सप्लोरेशन को एक नया आयाम देता है और दर्शकों को दुनिया के सबसे खतरनाक और अनदेखे प्राणियों से रूबरू कराता है ।एडवेंचर से भरी इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई सर्वाइवलिस्ट, एनिमल एक्सपर्ट और फिल्म निमार्ता एंड्रयू यूकल्स मानवीय शक्ति की सीमाओं को पार करते हुए दर्शकों को प्रकृति के चमत्कारों के करीब लाते हैं। वे दक्षिण अमेरिका के घने जंगलों, अफ्रीका के मैदानों और वेटलैंड्स, और ऑस्ट्रेलिया के दुर्गम इलाकों का अन्वेषण करते हैं। सिर्फ एक हैंडी कैम और अपनी हिम्मत के सहारे, वे वाइल्डलाइफ और सर्वाइवल का ऐसा अनुभव देते हैं जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। देखें कैसे एंड्रयू पेरू के एमेजॉन रेनफॉरेस्ट में "ग्रीन हेल" का सामना करते हैं। एक महीने की इस कठिन यात्रा में वह एक चींटीखोर के साथ डांस करते हैं, "लैंडमाइन" नामक खतरनाक सांप को खोजते हैं और नदी में केमेन के काटने का सामना करते हैं। क्या वे इस दुर्गम जंगल से सही-सलामत लौट पाएंगे? अफ्रीका के जाम्बियन जंगलों में एंड्रयू 7 दिनों में 12 जानवरों को खोजने के मिशन पर निकलते हैं, जिसमें अफ्रीका के बिग फाइव (शेर, हाथी, गैंडा, भैंस और तेंदुआ) शामिल हैं। शेरों द्वारा पीछा किए जाने, स्पिटिंग कोबरा के सामने खड़े होने और हाथियों द्वारा दौड़ाए जाने जैसे खतरों का सामना करते हुए वे अपनी किस्मत से कितनी बार जीत पाएंगे?

# वर्चस्व की लड़ाई में ड्राइवर की हुई मौत, एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: नव वर्ष** के मौके पर दो पक्षों में लड़ाई होने के बाद एक श्रद्धालु घायल हो गया था। वही 14 जनवरी को वृंदावन के हरिजन बस्ती में दो पक्षों में लड़ाई में एक बालक को गोली लगी थी। ताजा मामला बीती रात्रि परिक्रमा मार्ग का है। जहां पर वर्चस्व की लड़ाई ने एक ड्राइवर की जान ले ली। वृंदावन परिक्रमा मार्ग के श्याम कुटी क्षेत्र स्थित रजवाड़ा फार्म हाउस के पास कई राउंड फायरिंग में कराहारी निवासी ड्राइवर कुंवर पाल उर्फ लाला की मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि रात करीब 10 बजे अचानक गोली चली।



ड्राइवर कुंवरपाल यहां एक कार्यक्रम में गाड़ी लेकर आया था, लेकिन किस्मत ने उसे वापस लौटने का मौका नहीं दिया। गोली लगने के बाद कुंवरपाल को मथुरा सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी शैलेश कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसएसपी ने बताया कि रात करीब 10 बजे वृंदावन परिक्रमा मार्ग में रजवाड़ा गेस्ट हाउस के पास दो पक्षों में लड़ाई हुई। जिसमें गोलियां भी चल गई। चपेट में कराहारी निवासी एक ड्राइवर आ गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं एक अन्य राहगीर भी घायल हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों की तलाश की जा रही है।

**गोलीबारी**

**14 जनवरी को वृंदावन के हरिजन बस्ती में दो पक्षों में लड़ाई में एक बालक को गोली लगी थी**

# ग्लोब टेक्सटाइल्स का 4,504 लाख रुपये का राइट्स इश्यू पहले ही दिन 14.69% सब्सक्राइब हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ग्लोब टेक्सटाइल्स (इंडिया) लिमिटेड के 4,504 लाख रुपये के राइट्स इश्यू को पहले ही दिन 14.69% का सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ। कंपनी टेक्सटाइल प्रोडक्शन, सूती प्रिंटेड फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल्स और फैंसी फैब्रिक्स के उत्पादन में अग्रणी प्लेयर है। यदि राइट्स इश्यू की प्रमुख जानकारियों के बारे में बात करें तो -राइट्स इश्यू 24 जनवरी को खुला था और अब 6 फरवरी को बंद होगा। शेयर मूल्य 3 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जबकि 24 जनवरी को खुलते ही शेयर का बाजार मूल्य 3.78 रुपये था। 17 जनवरी 2025 की रिकॉर्ड तिथि पर पात्र शेयरधारकों को 1:2 के अनुपात में शेयर मिलेंगे (हर दो शेयरों पर एक नया शेयर)। राइट्स एंटाइटलमेंट के तहत नए निवेशक भी इस इश्यू में भाग ले सकते हैं। ग्लोब टेक्सटाइल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक पारिख ने कहा, पहले ही दिन लगभग 15% सब्सक्रिप्शन मिलना हमारी कंपनी में निवेशकों के विश्वास को दशार्ता है।

इस राइट्स इश्यू के माध्यम से हम स्ट्रेटेजिक एक्सपान्शन और एक्विजिशन के लिए जरूरी फंड जुटाना चाहते हैं, जिससे लोन्ग टर्म ग्रोथ संभव होगा। कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की बात करें तो सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का नेट प्रोफिट 380 लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 134 लाख रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कंपनी ने 652 लाख रुपये का नेट प्रोफिट अर्जित किया, जो पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के 575 लाख रुपये से अधिक है। कंपनी की दूसरी तिमाही (द2 ऋ24-25) की ग्रोस इन्कम 15,019 लाख रुपये रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (द2 ऋ23-24) में 10,611 लाख रुपये थी।

राइट्स इश्यू से प्राप्त धन के उपयोग के बारे में जो जानकारी बहार आ रही है उसके अनुसार कंपनी ग्लोब डेनवॉश प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी लेने वाली है।

# कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये की प्रतिज्ञा लें: डीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: जिलाधिकारी चंद्र** प्रकाश सिंह ने जनपद वासियों को संदेश दिया है कि हम सभी मथुरा जनपद के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिलें में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये आइए मिलकर जागरूकता फैलाऐं, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये की प्रतिज्ञा लेते हैं।

# ब्रज की अध्यात्म संस्कृति की रक्षा सहित पांच प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**मथुरा।** ब्रज की अध्यात्म संस्कृति और विरासत के संरक्षण पर कार्य करने वाली सनातन धर्म रक्षापीठ का स्थापना दिवस मानव सेवा संघ आश्रम के सत्संग भवन में संपन्न हुआ पीठाधीश्वर कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर की अध्यक्षता में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गर्भगृह की मुक्ति हेतु पीठ के तत्वावधान में लड़े जा रहे केस के साथ आगामी तीन अन्य धार्मिक विरासतों के संरक्षण के प्रस्ताव को पीठ की महामंत्री नीतू सिंह चौहान हरसरु द्वारा पारित किए गए। बैठक में कोषाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने ब्रज में



धार्मिक स्थलों और आश्रमों पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर अपना सुझाव दिया कि यह पीठ उन सभी संतों की विरासत को संरक्षित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां जहां भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। इसके लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं ज्ञानवापी प्रकरण में सुप्रीमकोर्ट की अधिवक्ता रीना एन सिंह ने अपना मत देकर न्यायिक कार्यवाही में अपना सहयोग करने का संकल्प लिया।

# आदर्श नगर : राजकुमार भाटिया के समर्थन में आजादपुर आए सांसद रवि किशन

## ● आदर्श नगर पहुंचे रवि किशन, पूर्वांचलियों को साधना रहा मुख्य मिशन ● पूर्वांचल का सम्मान बढ़ाएंगे राजकुमार: रवि किशन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए स्टार प्रचारकों की फौज उतर आई है। हर दिन स्टार प्रचार राजकुमार भाटिया के चुनाव प्रचार को नया मुकाम दे रहे हैं। राजुकमार भाटिया के जनसभाओं में लोगों का हुजूम उमड़ता है। लोग भी राजकुमार भाटिया को अपना जीत का आशीर्वाद देत हैं।
इसी कड़ी में गोरखपुर सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन ने राजकुमार भाटिया के चुनाव प्रचार में उतरे। रवि किशन ने अपने भोजपुरिया स्टाईल में जनसभा में ऐसा समां बांधा कि जनभा रैली के रूप में तब्दील हो गई। जहां देखों रवि किशन और राजकुमार भाटिया को सुनने और देखने वालों की भारी भीड़ मौजूद रही।
**रवि किशन का हुआ भव्य स्वागत:** सांसद रवि किशन का जनसभा में पहुंचने के बाद भव्य स्वागत और अभिनंदन हुआ। इस मौके पर रवि किशन ने कहा कि क्षेत्र की जनता का प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं। रवि किशन ने कहा कि रैली को देखकर कह सकता हूं हर वोट राजकुमार भाटिया के नाम। राजकुमार भाटिया आप सबके बीच के नेता हैं और यहां के समस्याओं को भली-भांति जानते हैं, अगर राजकुमार भाटिया चुनाव जीतते हैं तो आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में दोगुने रफ्तार से विकास कार्य होगा। क्षेत्र की जनता की सभी समस्याओं को हल होगा।
**केजरीवाल भ्रष्टाचार का दूसरा नाम: रवि किशन**
दिल्ली में 10 साल सत्ता सुख भोगने के बाद अरविंद केजरीवाल विकास की बात नहीं कर रहे, क्योंकि उन्होंने न केवल दिल्ली के विकास की राह में बाधा उत्पन्न की है, बल्कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली की जनता तक पहुंचने से रोका है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता की बात करके दिल्ली को मूर्ख बना रहे केजरीवाल ने सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा पटल पर नहीं रखने दी और अदालत को कहना पड़ा कि दिल्ली की आप-दा सरकार की ईमानदारी पर संदेह हो रहा है। ऐसा इसलिए किया गया कि दिल्ली की जनता को शराब घोटाले से हुए नुकसान, शीशमहल बनाने से हुए नुकसान जैसे 14 गम्भीर मामलों में आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार जनता के सामने आता और वो मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहते।



राजकुमार भाटिया ने किया जनता से वादा, हर समस्या का होगा समाधान: इस मौके पर राजकुमार भाटिया ने कहा कि मैं आज आपको यकीन दिलाता हूं कि अगर मैं चुनाव जीतता हूं तो क्षेत्र की सभी समस्याओं को निवारण करूंगा। मेरे घर और कार्यालय का दरवाजा 24 घंटे क्षेत्र की जनता के लिए खुला रहेगा। आप सबको यकीन दिलाता हूं कि अगर भाजपा जीतती है तो दिल्ली में जो भी विकास कार्य रूके हुए हैं वो दोगुने रफ्तरा से होंगे। केंद्र में मोदी सरकार और दिल्ली में भाजपा सरकार की कदमताल करते हुए दिल्ली के विकास कार्यों को दोगुने रफ्तार से अमलीजामा पहनाएंगे।





# वित्त मंत्री शुक्रवार को संसद में पेश करेंगी आर्थिक समीक्षा



**खाका**

**केंद्रीय बजट से पहले संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा सुधारों और विकास का खाका प्रदान करती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शुक्रवार को संसद में 2024-25 की आर्थिक समीक्षा पेश करेंगी। आर्थिक समीक्षा चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ-साथ देश के सामने आने वाली चुनौतियों को भी बयां करती है। सीतारमण शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एनडीए सरकार का दूसरा पूर्ण बजट पेश करेंगी। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के नेतृत्व वाली टीम ने समीक्षा को तैयार किया है।

केंद्रीय बजट से पहले संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा सुधारों और विकास का खाका प्रदान करती है। यह अगले वित्त वर्ष के लिए दृष्टिकोण प्रदान करने के अलावा अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूप-रेखा को बयां करती है। आर्थिक समीक्षा में धीमी वृद्धि दर, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट और खपत के लिए कम मांग जैसी प्रमुख गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से आकलन प्रदान किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित चुनौतियों को लेकर आर्थिक समीक्षा में प्रायः नए और लीक से हटकर विचार दिए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि संसद का बजट सत्र शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। बजट सत्र का पहला भाग 13 फरवरी को समाप्त होगा जबकि दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू होगा और 4 अप्रैल को समाप्त होगा।

